क्र.सं.	ब्लॉक का नाम	प्रा.वि.			उ.प्रा.वि.			राजपाठशाला		
		कुल स्कूल	चारदीवारी सहित	चारदीवारी रहित	कुल स्कूल	चारदीवारी सहित	चारदीवारी रहित	कुल स्कूल	चारदीवारी सहित	चारदीवारी रहित
1	फतेहपुर	115	94	21	60	39	21	26	4	21
2	लक्ष्मणगढ़	141	107	34	46	36	11	56	1	55
3	धोद	145	97	48	42	24	18	112	9	103
4	दांतारामगढ़	184	149	36	59	50	9	104	53	51
5	खण्डेला	123	95	28	62	43	20	75	25	50
6	नीमकाथाना	165	142	23	67	57	11	78	12	66
7	श्रीमाधोपुर	106	78	28	50	30	21	72	18	54
8	पिपराली	110	61	49	61	43	18	80	11	69
	कुल	1089	823	267	447	322	129	603	133	470

2.13 प्राथमिक शिक्षा का प्रशासनिक ढांचा –

	जिला – परिषद {जिला प्रमुख} ↓	
जिला स्तर पर	मुख्य कार्यकारी अधिकारी	अति.मुख्य कार्यकारी अधिकारी {प्रा.शि}
	↓	↓
	अति.मुख्य कार्यकारी अधिकारी	जिला शिक्षा (प्रा.) अधिकारी
	↓	↓
	–	विद्यालय अवर निरीक्षक
	↓	↓
खण्ड स्तर पर	विकास अधिकारी	ब्लाक शिक्षा अधिकारी {प्रा.शि.}
	↓	↓
	–	अति. ब्लाक शिक्षा अधिकारी
	↓	↓
विद्यालय स्तर पर	–	प्रधानाध्यापक

2.14 अन्य शैक्षिक सुविधाएं :

2.14.1– जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) :– प्राथमिक शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए शिक्षा में संलग्न अध्यापकों के व्यावसायिक उन्नयन हेतु जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना 1990 में की गई जिसका प्रमुख उद्देश्य अध्यापकों को प्रशिक्षण के माध्यम से बहुआयामी बनाना था। इसमें अध्यापकों का प्रशिक्षण, कार्यगोष्ठी, कार्यशाला, शैक्षणिक भ्रमण, प्रतियोगिताएं, कार्यनिर्माण, आदि शामिल है। उपर्युक्त कार्यों को अंजाम देने के लिए डाइट में निम्नांकित प्रभागो की स्थापना की गई।

1. जिला संदर्भ इकाई प्रभाग DRU : इस प्रभाग में अनौपचारिक शिक्षा, सतत् शिक्षा, जनसंख्या शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा आदि सम्मिलित है।
2. शैक्षिक प्रौद्योगिक प्रभाग ET : सहायक शैक्षिक सामग्री का निर्माण, श्रव्य एवं दृश्य का प्रयोग आदि इस प्रभाग में किया गया।
3. कार्यानुभव प्रभाग WE : श्रम के प्रति निष्ठा जगाने के लिए एवं श्रम करने के साथ–साथ अनुभव का प्राप्त होना एवं कुछ आर्थिक प्राप्ति का उद्देश्य इस प्रभाग में सम्मिलित है।
4. पाठ्यक्रम विकास एवं मूल्यांकन CMDE : पुराने पाठ्यक्रमों की समीक्षा एवं नये पाठ्यक्रम बनाना, समीक्षा करना तथा मूल्यांकन करना इस प्रभाग का उत्तरदायित्व है। प्रश्न–पत्र का निर्माण कैसे होता है, इस प्रभाग में सिखाया जाता है।
5. योजना एवं प्रबंध प्रभाग P & M : शैक्षिक योजनाओं का निर्माण एवं प्रबंधन का कार्य इस प्रभाग द्वारा किया जाता है। प्रधानाध्यापकों का प्रशिक्षण इसी प्रभाग द्वारा किया जाता है। क्रियात्मक अनुसंधान भी इस प्रभाग द्वारा किया जाता है।
6. सेवारत प्रशिक्षण प्रक्षेत्र अन्तःक्रिया नवाचार एवं समन्वय IFIC : सेवारत शिक्षकों के विभिन्न विषयों के प्रशिक्षण की व्यवस्था इस प्रभाग द्वारा किया जाता है।
7. सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण PSTE : जो व्यक्ति अध्यापक बनना चाहते है वे एक लिखित परीक्षा के माध्यम से चुने जाते है। चयनित व्यक्ति को दो वर्ष का शिक्षक प्रशिक्षण दिया जाता है। इसकी न्यूनतम योग्यता 10+2 सीनियर कक्षा उत्तीर्ण माना गया है।

नोट :– जिला संदर्भ इकाई को छोड़कर शेष समस्त प्रभागों का प्रभारी सीनियर लेक्चर होता है। जबकि जिला संदर्भ इकाई का प्रभारी संस्थान का उप प्राचार्य होता है।

2.14.2– शिक्षाकर्मी योजना :– यह एक शैक्षिक अभिनव शैक्षिक योजना है जो कुछ दूरस्थ स्थानों के लिए बनाया गया है। चयन समिति द्वारा अध्यापक /अध्यापिकाओं का चयन किया जाता है। पुरुष अध्यापकों के लिए 10वीं उत्तीर्ण और महिलाओं के लिए कुछ छूट देकर 8वीं उत्तीर्ण न्यूनतम योग्यता रखी गई है। चयनित व्यक्तियों को 37 दिवसीय आधारीय प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण में सफल होने पर उन्हें नियुक्ति दी जाती है। उन्हें 1800/ रू. प्रतिमाह पारिश्रमिक पर विद्यालय में लगाया जाता है। सीकर जिले में नीमकाथाना पंचायम समिति में यह योजना चल रही है। जहां शिक्षाकर्मी, 33 शिक्षाकर्मी स्कूल में अध्यापक कार्य कर रहे है। यहां का समय विभाग चक विद्यार्थियों में सुविधा के अनुसार बनाया जाता है।

2.14.3– समन्वित शिशु विकास योजना :– कुल जनसंख्या का लगभग 18 प्रतिशत बच्चे है। इनके मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक, संवेगात्मक आदि के वृद्धि के लिए इस योजना को संचालित किया गया है। बच्चे के स्वास्थ्य, स्वच्छ आदतों का विकास हो, इसके लिए शुरू में ही ध्यान दिया जाता है। स्कूल में जाकर इनका ठहराव हो, अतः स्कूल पूर्व शिक्षा की व्यवस्था इस योजना में की गई है ताकि विद्यालय में बैठने, ठहरने की आदत का विकास हो। अनु. जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति, गरीब बच्चों की देखभाल उनके पैदा होने के पूर्व से स्कूल जाने योग्य उम्र तक की सारी देखभाल एक ही केन्द्र, जिसे आंगनबाड़ी केन्द्र कहते है में की जाती है। अर्थात् शिशु की समस्त प्रकार की देखभाल एक ही स्थान पर ही उपलब्ध करा दी जाती है। इसीलिए इसे समन्वित शिशु विकास योजना का नाम दिया गया। सीकर जिले के प्रत्येक पं. समिति में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। जिनकी कुल संख्या 1509 हैं।

2.14.4– गुरुमित्र योजना :– सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति में यह योजना जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डाइट के निर्देशन में संचालित है। 722 अध्यापक/ अध्यापिकाओं को इस योजना के तहत प्रशिक्षित किया जा चुका है। इनके माध्यम से ही विद्यालय के अन्य अध्यापक/ अध्यापिकाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अध्यापक यहां बच्चों के मित्र के रूप में कार्य करते है। जिससे अध्ययन और रूचिकर बनता है। इस योजना के अन्तर्गत लगभग 176 प्राथमिक विद्यालय एवं 704 अध्यापक/ अध्यापिकायें शामिल है।

2.14.5– सतत् शिक्षा कार्यक्रम :– इस जिले ने साक्षरता कार्यक्रम को सफलता पूर्वक पूर्ण करने के बाद सन् 1997 में सतत् शिक्षा कार्यक्रम जिले में लागू किया गया। साक्षरता दर में आशातीत वृद्धि हुई है। शिक्षा के प्रति लोगो का रूझान बढा है और अपने बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया है।जिससे प्राथमिक शिक्षा की मांग बढी है। इसी मांग को देखते हुए इस जिले को डीपीईपी के लिए चुना गया है।

2.14.6– निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण :– प्राथमिक कक्षाओं के बालक/ बालिकाओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें दी जा रही है। साथ ही उच्च प्राथमिक कक्षाओं में केवल बालिकाओं को ही निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित की जा रही है। जिले में संचालित वै.वि., मदरसे, शिक्षा कर्मी विद्यालयों में भी निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

2.14.7– मिड–डे मील : – राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा सभी सरकारी/अर्द्धसरकारी/अनुदानित/स्वायत शासी संस्थाओं द्वारा संचालित प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं राजीव गांधी पाठ शालाओं में कक्षा 1 से 5 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। जिले में संचालित वै.वि., मदरसे, शिक्षा कर्मी विद्यालयों में भी मिड–डे मील की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

उद्देश्य :– इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा का सार्वजनिकरण, प्राथमिक कक्षाओं में नामांकन वृद्धि करना, विद्यार्थियों को स्कूल में ठहराव सुकनश्चित करना तथा विद्यार्थियों को पोष्टिक आहार उपलब्ध कराना हैं।

पात्रता :– राष्ट्रीय पोषाहार योजना कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को 80 प्रतिशत उपस्थिति पर 3 किलोग्राम खाद्य सामग्री(गेहूँ) प्रति माह प्रति छात्र निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है।

सम्पर्क अधिकारी :– प्रधानाध्यापक–प्राथमिक विद्यालय, खण्ड शिक्षा अधिकारी, पंचायत समिति, विकास अधिकारी पंचायत समिति, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, जिला कलक्टर, निदेशक पंचायती राज विभाग।

2.14.8– छात्रवृत्ति :– अनु. जाति, जनजाति, एवं पिछड़ी जाति के गरीब बच्चों को सरकार द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है व्यक्ति आर्थिक कारणों से वे विद्यालय को न छोड़े।

2.14.9– शुल्क मुक्ति :– अनु. जाति, जनजाति, व गरीब बच्चों की फीस माफ कर दी जाती है ताकि उनके अध्ययन में बाधा नहीं पड़े। साथ ही सरकारी कर्मचारियों के आश्रित बच्चों की शुल्क माफ की जाती है।

2.14.10– छात्रावास :– राज्य सरकार ने अनु.जाति, जनजाति के बच्चों को निःशुल्क छात्रावास की व्यवस्था के अन्तर्गत जिले में 9 छात्रावास (राजकीय), 4 छात्रावास (अनुदानित) संचालित है। इसमें कुल लगभग 150 विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे है।

2.14.11– गार्गी एवार्ड योजना :– बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पंचायत समिति स्तर पर इस योजना को लागू किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत कक्षा 8वीं में प्रथम स्थान, माध्यमिक स्तर एवं उच्च माध्यमिक स्तर पर 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर 1000 रु. का नगद पुरस्कार दिया जाता है। यह राशि बालिका शिक्षा फाउडेशन, राजस्थान द्वारा दिया जाता है।

अध्याय– 3

योजना प्रक्रिया

भूमिका :–

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम को सम्बलन प्रदान करने के लिए एवं अधिक प्रभावी बनाने हेतु परिणामपरक योजना भारत सरकार ने सर्व शिक्षा अभियान के नाम से प्रारम्भ की है। जिसमें 6–14 आयु वर्ग के समस्त बालक/ बालिकाओं का नामांकन सुनिश्चित किया जाना हैं।

सर्व शिक्षा अभियान प्रारंभिक शिक्षा का पहला राष्ट्रीय अभियान है यह केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित है इसके अन्तर्गत नीचे से योजना की प्रक्रिया अपनाई गयी है इसमें ग्राम स्तर की योजनाओं का विकास खण्ड स्तर पर संग्रहीत करके जिले की शैक्षिक योजना तैयार करने हेतु जिला स्तर पर जिले की सहभागिता प्राप्त की गयी है जिला की योजना तैयार करने हेतु योजना समिति का गठन निम्न स्तरों पर किया गया :–

3.1 योजना निर्माण कमेटियों का गठन :-

3.1.1 ग्राम स्तर पर – विद्यालय प्रबन्धन समिति

1. सरपंच / संबधित वार्ड का निर्वाचित वार्ड पंच – अध्यक्ष
   (अगर विद्यालय ग्राम पंचायत मुख्यालय पर न हो तो)
2. दो सेवा निवृत राजकीय कर्मचारी – सदस्य
3. संबंधित संकुल केन्द्र सहयोगी – सदस्य
4. ग्राम सेवक – सदस्य
5. पटवारी – सदस्य
6. ए.एन.एम./ महिला शिक्षक – सदस्य
7. दो महिला अभिभावक – सदस्य
8. दो पुरुष अभिभावक – सदस्य
9. एक–एक प्रतिनिधि (समाज के कमजोर वर्ग से) – सदस्य
10. शाला के दो अध्यापक – सदस्य
11. शाला प्रधान – सदस्य सचिव

3.1.2 खण्ड स्तर पर – खण्ड स्तर कमेटी

जिले की विभिन्न पंचायत समितियों पर इन समितियों का गठन किया गया जिनके द्वारा इस अभियान के अन्तर्गत आई हुई विभिन्न समस्याओं एवं मुद्दों पर कार्य शालाएँ आयोजित की गई। इस समिति में निम्न सदस्य है –

1. प्रधान – अध्यक्ष
2. विकास अधिकारी – पं.स.
3. पंचायत समिति की शिक्षा समिति के दो सदस्य
4. ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी डी.पी.ई.पी.
5. प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय

विशेष आगन्तुक

6. सी.डी.पी.ओ.
7. ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा अधिकारी
8. सेवानिवृत अध्यापक

ब्लॉक स्तरीय समिति निम्न लिखित काम करेगी :–

1. **अभियान का क्रियान्वयन एवं प्रगति का प्रबंधन एवं व्यूह रचना एवं गतिविधियों का विश्लेषण ।**
2. **ब्लाक को संकुलों में अभियान के सुचारू रूप से क्रियान्वन हेतु बांटना।**
3. **आवश्यकता आधारित नियोजन का यथावत क्रियान्वन।**
4. **आंकड़ो एवं सूचनाओं का एकत्रीकरण।**
5. चिकित्सा विभाग के सहयोग से ब्लॉक के विद्यालयों में बच्चों के लिए स्वास्थ शिविरों का आयोजन।

3.1.3 जिला स्तर पर – जिला निष्पादक समिति

1. जिला कलेक्टर सीकर – अध्यक्ष
2. जिला परियोजना समन्वयक , डीपीईपी. सीकर – सदस्य
3. अति. जिला कलेक्टर (विकास) सीकर – सदस्य
4. अति.मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् सीकर – सदस्य
5. उपखण्ड अधिकारी(समस्त) – सदस्य
6. विकास अधिकारी (समस्त) – सदस्य
7. उप निदेशक महिला एंव बाल विकास सीकर – सदस्य
8. अधीक्षण अभियन्ता , समिति सीकर – सदस्य
9. अधीक्षण अभियन्ता , ज.स्वा.अभियन्ता विकास सीकर – सदस्य
10. प्रमुख चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीकर – सदस्य
11. जिला समाज कल्याण अधिकारी सीकर – सदस्य

Nati...
Pla...
17-B, ... M...
New Delhi-...
DOC, No ....
Date ....

12. प्राचार्य , डाईट ,सीकर — सदस्य
13. सचिव , जिला साक्षरता समिति सीकर — सदस्य
14. दो प्रगतिशील एवं समाज सेवी महिलाएं — सदस्य
15. शिक्षक संगठनों के दो मनोनीत पदाधिकारी — सदस्य
16. डीपीईपी. के जिला स्तरीय अधिकारी सीकर — सदस्य
17. ब्लॉक संदर्भ केन्द्र सहयोगी (समस्त) , डीपीईपी. - — सदस्य
18. जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि.) — सदस्य सचिव

3.2 कोर टीम का गठन :-

1. जिला परियोजना समन्वयक
2. सहायक जिला परियोजना समन्वयक (योजना
3. समस्त खण्ड सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी
4. जिले के तीन संकुल संदर्भ केन्द्र प्रभारी

3.3 योजना निर्माण की प्रक्रिया :-

3.3.1 शिक्षा दर्पण –2000 एवं शिक्षा दर्पण{ अपडेशन} –2002

तालिका 37– पंचायत समितिवार अनामांकित बच्चों की संख्या (शिक्षा दर्पण 2000 के अनुसार)

क्रसं.	पंचायत समिति का नाम	कुल जनसंख्या			स्कूल जाने वाले			अनामांकित बच्चे		
		बा.	बालि.	योग	बा.	बालि.	योग	बा.	बालि.	योग
1.	फतेहपुर	26676	21352	48028	25755	19246	45001	921	2106	3027
2.	लक्ष्मणगढ़	26109	21318	47427	26048	19455	45503	61	1863	1924
3.	धोद	28316	23408	51724	27390	21673	49063	926	1735	2661
4.	दांतारामगढ़	34937	29123	64060	33673	26003	59676	1264	3120	4384
5.	खण्डेला	32925	26787	59712	32357	24751	57108	568	2036	2604
6.	नीमकाथाना	45393	35827	81220	43808	31729	75537	1585	4098	5683
7.	श्रीमाधोपुर	28975	23881	52856	28410	22516	50926	565	1365	1930
8.	पिपराली	27152	22471	49623	26535	21028	47563	617	1443	2060
	योग	250483	204167	454650	243976	186401	430377	6507	17766	24273

शिक्षा दर्पण सर्वे मई, 2000

तालिका–38 सकल नामांकन अनुपात – शिक्षा दर्पण सर्वे--मई, 2000

क्रसं.	पंचायत समिति का नाम	कुल जनसंख्या			स्कूल जाने वाले			GER		
		बा.	बालि.	योग	बा.	बालि.	योग	बा.	बालि.	योग
1.	फतेहपुर	26676	21352	48028	25755	19246	45001	96.55	90.14	93.70
2.	लक्ष्मणगढ़	26109	21318	47427	26048	19455	45503	99.77	91.26	95.94
3.	धोद	28316	23408	51724	27390	21673	49063	96.73	92.59	94.86
4.	दांतारामगढ़	34937	29123	64060	33673	26003	59676	96.38	89.29	93.16
5.	खण्डेला	32925	26787	59712	32357	24751	57108	98.27	92.40	95.64
6.	नीमकाथाना	45393	35827	81220	43808	31729	75537	96.51	88.56	93.00
7.	श्रीमाधोपुर	28975	23881	52856	28410	22516	50926	98.05	94.28	96.35
8.	पिपराली	27152	22471	49623	26535	21028	47563	97.73	93.58	95.85
	योग	250483	204167	454650	243976	186401	430377	97.40	91.30	94.66

तालिका–39 शिक्षा दर्पण (अपडेशन) 2002 का सर्वे (1)

क्रसं.	ब्लॉक का नाम	6–14 आयु वाले बच्चों की कुल जनसंख्या			6–14 स्कूल में जाने वाले बच्चों की संख्या			अनामांकित बच्चे		
		बा.	बालि.	योग	बा.	बालि.	योग	बा.	बालि.	योग
1	फतहपुर	29828	24579	54407	29377	23772	53149	451	807	1258
2	लक्ष्मणगढ	30522	25157	55679	30264	24699	54963	258	458	716
3	धोद	26921	21819	48740	26771	21458	48229	150	361	511
4	दांतारामगढ़	37838	30975	68813	37241	29918	67159	597	1057	1654
5	खण्डेला	34927	29080	64007	34822	28790	63612	105	290	395
6	नीमकाथाना	46569	37384	83953	46026	36170	82196	543	1214	1757
7	श्रीमाधोपुर	34158	28486	62644	33906	28024	61930	252	462	714
8	पिपराली	28450	23428	51878	28051	22950	51001	399	478	877
	कुल	269213	220908	490121	266458	215781	482239	2755	5127	7862

तालिका–40 शिक्षा दर्पण (अपडेशन) 2002 का सर्वे (2)

क्रसं.	ब्लॉक का नाम	6–14 आयु वाले बच्चों की कुल जनसंख्या			6–14 स्कूल में जाने वाले बच्चों की संख्या			NER		
		बा.	बालि.	योग	बा.	बालि.	योग	बा.	बालि.	योग
1	फतेहपुर	29828	24579	54407	29377	23772	53149	98.49	96.72	97.69
2	लक्ष्मणगढ़	30522	25157	55679	30264	24699	54963	99.15	98.18	98.71
3	धोद	26921	21819	48740	26771	21458	48229	99.44	98.35	98.95
4	दांतारामगढ़	37838	30975	68813	37241	29918	67159	98.42	96.59	97.60
5	खण्डेला	34927	29080	64007	34822	28790	63612	99.70	99.00	99.38
6	नीमकाथाना	46569	37384	83953	46026	36170	82196	98.83	96.75	97.91
7	श्रीमाधोपुर	34158	28486	62644	33906	28024	61930	99.26	98.38	98.86
8	पिपराली	28450	23428	51878	28051	22950	51001	98.60	97.96	98.31
कुल		269213	220908	480121	266458	215781	482239	95.98	97.68	98.39

शिक्षा दर्पण सर्वे (अपडेशन) 2002 के अनुसार उपरोक्त तालिकाओं से यह स्पष्ट होता है कि ग्रामीण क्षेत्र में 1746 बालक 3857 बालिका कुल 5603 बच्चे स्कूलों से वंचित चल रहे है और शहरी क्षेत्रों में 1009 बालक 1270 बालिका कुल 2279 बच्चे अनामांकित है। इस तरह पूरे जिले में 2755 बालक 5127 बालिकाएं कुल 7882 बच्चे शिक्षा से वंचित है।

इस तरह " शिक्षा आपके द्वार" अभियान के अन्तर्गत वातावरण निर्माण कर, वै.वि. का सृजन कर, अभिभावकों को प्रेरित कर जिले के 7882 अनामांकित बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का महाअभियान शुरू किया गया। परन्तु इसमें 1472 ऐसे बच्चे सामने आये हैं जिन्हें किसी प्रकार भी नहीं जोड़ा जा सकता, इनके कारण प्रमुख निम्न है :–

- ❖ अत्यधिक विकलांगता के कारण चल फिर नहीं सकते।
- ❖ अन्य स्थानों को पलायन कर गये अर्थात् जिले में निवास नहीं कर रहे हैं
- ❖ अधिक उम्र का होने पर कम उम्र लिख जाने के कारण वे हमारे लक्ष्य सीमा में नहीं आते।

इन सबको (7882 – 1472 = 6410) डीपीईपी एवं शिक्षा विभाग द्वारा औपचारिक विद्यालयों के अतिरिक्त राजीव गांधी स्वर्ण जयन्ती पाठशालाओं में, वै.वि. में, शिक्षा मित्र केन्द्र खोलकर जोड़ा जायेगा। उपरोक्त सभी दस्तावेजों का प्रकाशन किया गया। यह प्रकाशन पंचायत समितिवार बुकलेट तैयार की गई। जिनमें अनामांकित बालकों का पूर्ण विवरण अंकित किया गया है और ये बुकलेट जिला स्तर के समस्त सम्बंधित अधिकारियों के अलावा खण्ड स्तर पर समस्त सम्बंधित

अधिकारियों, नगर परिषद/ नगर पालिका से सम्बंधित आयुक्त एवं अध्यक्ष आदि को दी गई ताकि इस कार्यक्रम का प्रभावी प्रबोधन हो सके।

3.3.2 प्रशासन शहरों के संग :-

राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 26 जनवरी 02 से 28 फरवरी 02 तक प्रशासन शहरों के संग अभियान आयोजित किया गया। जिसमें नगरपरिषद /नगरपालिका में उपस्थित वार्ड अनुसार कार्य क्रम जिला स्तर पर तैयार करके अभियान का शुभारंभ 26जनवरी 2002 को किया गया। इस अभियान में निम्नांकित विभागों को सम्मिलित किया गया एवं इनके कोई न कोई प्रतिनिधि आवश्यक रूप से इसमें भाग लेकर अपने विभाग से सम्बन्धित समस्यांओं का मौके पर ही समाधान निकाल कर जन समुदाय को लाभान्वित किया है। ये विभाग इस प्रकार है जनस्वास्थ्य अभियान्त्रिकी, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग विभाग, ऊर्जा विभाग, सार्वजनिक एवं निर्माण विभाग, सैनिक कल्याण विभाग आदि।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सम्बन्धित क्षेत्र की समस्याओं का मौके पर समाधान करना है। इन शिविरों की जानकारी माननीय संसद सदस्य, विधायक, सभापति, अध्यक्ष, नगरपरिषद, नगरपालिका, वार्ड पार्षद व अन्य जन प्रतिनिधियों को दी गई। इसके अलावा समाचार पत्रों द्वारा खूब प्रचार-प्रसार किया गया ताकि क्षेत्र की जनता शिविर में उपस्थित होकर अपनी-अपनी समस्यायें बता सके।

उपरोक्त शिविरों में डीपीईपी के कोई न कोई अधिकारी प्रत्येक स्तरों पर उपस्थित होकर शिक्षा दर्पण 2000 एवं शिक्षा दर्पण (अपडेशन) 2002 पर चर्चा कर शिक्षा आपके द्वार अभियान की जनसमूह से चर्चा की है तथा अनामांकित बालक/बालिकाओं को जोड़ने के लिए शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच बढ़ाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया है। जहाँ शैक्षिक सुविधायें नहीं है, इन शिविरों में इन स्थानों को चिन्हित किया है ताकि वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकें, जिससे समस्त अनामांकित बच्चों को जोड़ा जा सके। साथ ही प्रथमिक विद्यालयों के शैक्षिक स्थिति पर भी चर्चा की जाती थी। और उन्हें सशक्त बनाने के लिए डीपीईपी द्वारा शाला अनुदान राशि के अन्तर्गत उन्हें 2000 रू. प्रति विद्यालय देने के लिए चिन्हित किया गया।

3.3.3 सर्वशिक्षा अभियान के लक्ष्यों एवं प्रमुख बिन्दुओ पर चर्चा हेतु आयोजित बैठकों का विवरण:-

दिनांक	स्थान	संभागी संख्या	संभागी विवरण (बैठक अध्यक्षता)	चर्चा बिन्दु	सुझाव
1	2	3	4	5	6
5.11.01	कलेक्ट्रेट सभागार	37	जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में	जन प्रतिनिधि एवं अधिकारीगण का आमुखीकरण कार्यशाला	शिक्षा आपके द्वार योजना की जानकारी

31.12.01	" "	16	बी.सी. शर्मा, शासन सचिव, आयुर्वेद	अनामांकित बालकों का पता लगाना	शिक्षा दर्पण 2000 का नवीनीकरण करें
3.1.02	" "	11	जिला कलक्टर	शिक्षा दर्पण सर्वे (अपडेशन) – 2002	इसको शीघ्र पूरा करें
8.2.02	" "	34	वीपी आर्य, शासन सचिव, समाज कल्याण	सर्वे की प्रगति सम्बंधित	सभी ब्लॉकस के सर्वे पूरा कराये
6.4.02	" "	43	" "	सभी विभागों से समन्वित प्रयास की अपील	शिक्षा आपके द्वार को सफल बनाने के लिए सबका सहयोग लें।
10.5.02	डीपीईपी कार्यालय	6	डीईओ, प्रथम की अध्यक्षता में	अनामांकित बालकों को शैक्षिक संस्थाओं से जोड़ना	विभिन्न शिक्षण संस्थाओं से जोड़ने की योजना बनाएं।
14.5.02	" "	7	कलेक्टर की अध्यक्षता	मिलिए कार्यक्रम बनाये और प्रेरित कर बच्चों को जोड़ना	प्रत्येक स्तर पर सभी से मिले और बच्चों को जोड़ने के लिए योजना बनाएं
18.5.02	" "	6	साक्षरता/सतत् शिक्षा अधिकारी	वातावरण निर्माण योजना	डीपीईपी व साक्षरता विभाग मिलकर वातावरण का निर्माण करने हेतु योजना बनायें।
29.5.02	कलेक्ट्रेट समागार	51	वीपी आर्य, शासन सचिव, समाज कल्याण	बालकों को जोड़ने हेतु निर्देश	वै.वि. व शिक्षा मित्र खोलने के प्रस्ताव बनायें
12.06.02	कलेक्टर कक्ष	7	जिला कलेक्टर	वातावरण निर्माण योजना की क्रियान्विति	वातावरण निर्माण हेतु निर्मित कार्य योजना की क्रियान्विति सुनिश्चित करें।
15.06.02	कलेक्ट्रेट समागार	56	जिला कलेक्टर	बच्चों को जोड़ने के लिए वै. वि. खोलने के निर्देश दिये	प्रस्वावित वै.वि. हेतु शिक्षा विभाग अस्थायी व्यवस्था करें।
24.6.02	डीपीईपी कार्यालय	23	श्रीमती निर्मला परिहार, डीपीसी, डीपीईपी	अनामांकित बच्चों को जोड़ने हेतु अपील	चिन्हित बालकों को जोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी
3.7.02	रा. हरदयाल उ.प्रा.वि., सीकर	138	जिला कलेक्टर	प्रवेशोत्सव मनाया गया	विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जावे। अनामांकित, जो नामांकित हुऐ है तिलक लगाकर स्वागत करें।
.7.02	कलेक्टर कक्ष	21	जिला कलेक्टर	शेष 50 प्रतिशत बालकों को जोड़ने हेतु दिशा निर्देश	शेष की योजना बनाएं
.7.02	रा.प्रा.वि. सिकराय	15	श्रीमती निर्मला परिहार, डीपीसी, डीपीईपी	7882 में केवल 1472 किसी तरह नहीं जोड़े जा सकते। अतः 100 प्रतिशत नामांकन प्रयास करने पर हो जायेगा। इसके साथ ही अब ठहराव सुनिश्चित किया जाना चाहिए।	1472 की सूची एवं कारणों का उल्लेख कर आवश्यक प्रमाण पत्र प्राप्त करें कि किन कारणों से ये नहीं जोड़े जा सके।

3.4 जिले की शैक्षिक समस्यायें :-

3.4.1 शिक्षा की पंहुच सम्बन्धी समस्या :-

विद्यालय समबन्धी समस्या

1. ऐसे वास स्थान जहा पर अभी 1 से 2 किमी की परिधि में प्राथमिक विद्यालय नहीं है।
2. विद्यालयों की वास स्थानों की दूरी।
3. बालिका विद्यालयों की कमी।
4. भवन रहित विद्यालयों की उपलब्धता।

तालिका –41 { भवन रहित विद्यालयों का विवरण }

	पंचायत समिति का नाम	भवन रहित विद्यालयों की संख्या
1.	फतेहपुर	3
2.	लक्ष्मणगढ़	2
3.	धोद	1
4.	दांतारामगढ़	4
5.	खण्डेला	15
6.	नीमकाथाना	18
7.	श्रीमाधोपुर	31
8.	पिपराली	12
	योग	86

तालिका संख्या 42 {प्राथमिक विद्यालयों की आवश्यकता}

क्र.स.	पंचायत समिति का नाम	प्राथमिक विद्यालयों की संख्या
1.	फतेहपुर	24
2.	लक्ष्मणगढ़	15
3.	धोद	7
4.	दांतारामगढ़	24
5.	खण्डेला	14
6.	नीमकाथाना	26
7.	श्रीमाधोपुर	9
8.	पिपराली	11
	योग	130

नोट :– उपर्युक्त तालिका में 130 वै.विद्यालय 6 घण्टा की सूची दी गई है जिनको सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किया जायेगा

3.4.2. नामांकन व ठहराव की समस्या :–

नामांकन व ठहराव में समस्या 2 प्रकार से बताई जा सकती है :–

<u>विद्यालय से सम्बन्धित</u>

1. कक्षा कक्षों का अभाव
2. कक्षों में मरम्मत की आवश्यकता
3. विद्यालयों में पानी की सुविधा का अभाव
4. शौचालय सुविधाओं का अभाव
5. खेल के मैदानों का अभाव
6. बिजली का अभाव
7. आनन्ददायी शैक्षिक वातावरण का अभाव

3.4.3. अतिरिक्त कक्षा–कक्षों की आवश्यकता

तालिका–43 {अतिरिक्त कक्षा कक्षों की आवश्यकता}

क्र.सं.	पंचायत समिति का नाम	अतिरिक्त कक्षा कक्षों की मांग
1.	फतेहपुर	121
2.	लक्ष्मणगढ़	79
3.	धोद	139
4.	दांतारामगढ़	169
5.	खण्डेला	140
6.	नीमकाथाना	136
7.	श्रीमाधोपुर	89
8.	पिपराली	137
	योग	1010

सर्व शिक्षा अभियान में अध्यापक शिष्य अनुपात 1 : 40 के आधार पर उतने ही कक्षा कक्षों की आवश्यकता होगी जितने अध्यापक विद्यालय में उपलब्ध होंगे। साथ ही ज्यों–ज्यों नामांकन बढेगा, अध्यापकों की मांग बढेगी उसी अनुपात में कक्षा कक्षों की मांग भी बढेगी।

शौचालय सुविधा विहीन विद्यालयों की संख्या

तालिका–44 {शौचालय सम्बन्धी सूचना}

क्र.सं.	पंचायत समिति का नाम	प्रा.वि.	उ.प्रा.वि.	रा.गा.पा.	मा.वि.	कुल संख्या
1.	फतेहपुर	28	29	7	0	64
2.	लक्ष्मणगढ़	87	12	22	0	121
3.	धोद	3	6	44	0	53
4.	दांतारामगढ़	68	11	34	0	113
5.	खण्डेला	32	15	29	0	76
6.	नीमकाथाना	67	46	30	0	143
7.	श्रीमाधोपुर	9	14	29	0	52
8.	पिपराली	17	27	34	0	78
	योग	311	160	229	0	700

पानी की सुविधा की आवश्यकता

तालिका –45 {पानी की सुविधा सम्बन्धी सूचना}

क्र.सं.	पंचायत समिति का नाम	प्रा.वि.	उ.प्रा.वि.	रा.गा.पा.	मा.वि.	कुल संख्या
1.	फतेहपुर	72	36	13	0	121
2.	लक्ष्मणगढ़	27	3	12	0	42
3.	धोद	25	14	14	0	53
4.	दांतारामगढ़	80	18	10	0	108
5.	खण्डेला	34	15	16	0	65
6.	नीमकाथाना	21	29	12	0	62
7.	श्रीमाधोपुर	22	10	16	0	48
8.	पिपराली	69	24	8	0	101
	योग	350	149	101	0	600

3.4.4. अध्यापकों से सम्बन्धित समस्यायें :–

1. अध्यापक छात्र अनुपात की उच्च दर
2. महिला अध्यापिकाओं की कमी।
3. अध्यापकों की सक्रिय राजनीति में भाग लेना।
4. अध्यापकों का प्रतिदिन अप एण्ड डाउन करना।
5. अनियमित शिक्षण कार्य।
6. अध्यापकों की अधिक समय तक अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति।
7. समाज में अध्यापकों में दूरी।
8. राजनैतिक हस्तक्षेप।

गुणात्मक संवर्द्धन की समस्या :–

बेस लाईन ऐसेसमैन्ट सर्वे के आधार पर सीकर जिले के बालक–बालिकाओं का लब्धि स्तर, संतोषप्रद है। फिर भी प्राप्त लब्धि स्तर में 40 प्रतिशत की वृद्धि आवश्यक हैं। इसको प्राप्त करने में निम्न लिखित समस्याओं का सामना करना पड़ता है :–

1. सेवारत प्रशिक्षणों का अभाव।
2. शिक्षण सहायक सामग्री का अभाव।
3. रूचिपूर्ण शिक्षण का अभाव।
4. न्यूनतम अधिगम स्तर आधारित शिक्षण का अभाव।
5. अनियमित शिक्षण।
6. अध्यापकों की अपने व्यवसाय के प्रति अरूचि।
7. अध्यापकों में नवाचार विद्याओं में कमी।
8. अध्यापकों पर शिक्षण के अलावा अतिरिक्त भार।

समाज से सम्बन्धित समस्या :–

1. जनजागृति अभियानों की कमी
2. विद्यालय की गतिविधियों में जनता की सक्रिय भागीदारी की कमी एवं सहयोग का अभाव।
3. अध्यापकों के प्रति सम्मानजनक दृष्टिकोण का अभाव।
4. राजनैतिक हस्तक्षेप।

प्रशासन से सम्बन्धित समस्यायें :–

1. अध्यापकों की व्यक्तिगत समस्याओं के उपर ध्यान नही दिया जाता है।
2. प्रभावकारी पर्यवेक्षण का अभाव।
3. मूल्यांकन की विश्वसनीय प्रक्रिया का अभाव।
4. निरन्तर मूल्याकंन प्रक्रिया का अभाव।
5. जिला स्तर पर पांचवी के बोर्ड का प्रभावशाली न होना।

वंचित वर्ग {फोकस ग्रुप} :–

जिले में निम्नलिखित वंचित वर्ग है :–

1. बालिकायें।
2. अल्प संख्यक बालक–बालिकायें।

3.विकलांग एवं घूमन्तु परिवार के बालक–बालिकायें।

4.अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बालक–बालिकायें।

इस फोकस ग्रुप की भी वही समस्यायें है जो सामान्य वर्ग की समस्यायें हैं। अतः इनकी समस्याओं को सुलझाने के लिये एक ऐसी व्यूह रचना तैयार करनी होगी जिससे सभी बालक–बालिकायें प्राथमिक शिक्षा ग्रहण कर मुख्य धारा से जुड़ सकें।

स्थानीय अन्तर :–

जिले की विभिन्न पंचायत समितियों में साक्षरता दर में अन्तर है। जनसंख्या में अन्तर है। इसी प्रकार शैक्षिक सुविधाओं की उपलब्धता में भी अन्तर है। शैक्षिक समस्याओं में अन्तर है। जातिगत अन्तर है। इसी आधार पर अपनाई जाने वाली व्यूह रचनाओं में अन्तर होगा। जैसे लक्ष्मणगढ़, फतेहपुर, खण्डेला, सीकर शहर के मदरसों में अतिरिक्त पैरा टीचर्स की व्यवस्था करनी पडेगी, जबकि दांतारामगढ, नीमकाथाना में वैकल्पिक विद्यालयों की व्यवस्था करनी होगी। इसी प्रकार शहर सीकर के गन्दी बस्ती में और रामगढ शहर की स्लम एरिया में भी वैकल्पिक विद्यालयों स्कूल गारन्टी स्कीम के अन्तर्गत शिक्षा मित्र केन्द्रों की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

अध्याय– 4

सर्वशिक्षा अभियान के उद्देश्य एवं लक्ष्य

4.0 भूमिका

प्राथमिक शिक्षा का सार्वजनीकरण एक अत्यन्त महत्वपूर्ण राष्ट्रीय लक्ष्य रहा है। इसके लिए सतत प्रयास भी किये जा रहे है। विभिन्न योजनायें, परियोजनाऐं तथा अभियान भी समय–समय पर संचालित की जाती रही है। किन्तु कटु यथार्थ यह है कि आज तक इस लक्ष्य को नही प्राप्त किया जा सका। जनसंख्या में निरंतर वृद्धि निर्धनता, अभिभावकों की अशिक्षा तथा शैक्षिक सुविधा एवं उसकी गुणवत्ता का अभाव इसके मुख्य कारक रहे है किन्तु इनकी दुहाई देकर हम अनन्त काल तक इस राष्ट्रीय लक्ष्य की उपलब्धि को लम्बित नही रख सकते है। इसी तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर निश्चित अवधि का एक व्यापक कार्यक्रम " सर्वशिक्षा अभियान " के नाम से निर्धारित किया गया।

4.1 सर्वशिक्षा अभियान के राष्ट्रीय उद्देश्य :–

1. सभी बच्चों के लिए वर्ष 2003 तक स्कूल, शिक्षा गारण्टी केन्द्र वैकल्पिक स्कूल "बैक टू स्कूल" शिविर की उपलब्धता।
2. सभी बच्चे 2007 तक पांच वर्ष की प्राथमिक शिक्षा पूरी कर लें।
3. सभी बच्चे वर्ष 2010 तक 8 वर्ष की स्कूल शिक्षा पूर्ण कर लें।
4. जीवनोपयोगी शिक्षा को विशेष महत्व दिया जायेगा।
5. बालक–बालिका असमानता तथा सामाजिक वर्ग–भेद को 2007 तक प्राथमिक स्तर तथा वर्ष 2010 तक प्रारम्भिक स्तर पर समाप्त करना।
6. वर्ष 2010 तक सभी बच्चों को स्कूल में बनाए रखना।

उपर्युक्त राष्ट्रीय उद्देश्यों के सापेक्ष्य तथा जिले की विशिष्ट परिस्थितियों के सन्दर्भ में जिला स्तर पर इस अभियान के निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किये गये है–

4.2 जिला स्तर सर्व शिक्षा अभियान के लक्ष्य :–

सीकर जिले में सर्वशिक्षा अभियान के लक्ष्य निम्नांकित है –

1. 6–14 आयु वर्ग के समस्त बच्चों का विद्यालय में अनिवार्य रूप से नामांकन कराना।
2. 6–14 आयु वर्ग के विद्यालय न जाने वाले ड्राप आउट होने वाले बच्चों को उनकी उपलब्धता के आधार पर शिक्षा गारण्टी योजना, वैकल्पिक/ नवाचार शिक्षा ब्रिज कोर्स/ग्रीष्म कालीन शिविरों के माध्यम से शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ना।
3. वर्ष 2007 तक अनुमानित 6–14 आयु वर्ग के 538486 बच्चों को पांच वर्ष की प्राथमिक शिक्षा पूरी करना।
4. वर्ष 2010 तक अनुमानित 569767 बच्चों को 8 वर्ष की स्कूली शिक्षा प्रदान करना।
5. 6–14 आयु वर्ग का सकल नामांकन अनुपात वर्तमान में 93 प्रतिशत से बढ़ाकर 2008 तक शत प्रतिशत करना।
6. बालिका शिक्षा पर विशेष बल।
7. वंचित बस्तियों को शैक्षिक सुविधाऐं उपलब्ध कराना।
8. विद्यालयों को भौतिक संसाधनों का विस्तार करना।
9. प्रभावी विकेन्द्रीकरण के माध्यम से समुदाय की सहभागिता पर बल।
10. मानक के अनुसार अध्यापक एवं भवन उपलब्ध कराना।

राजस्थान सरकार ने सर्व शिक्षा अभियान के प्रथम सोपान को सितम्बर–02 तक पूर्ण करने का संकल्प " शिक्षा आपके द्वार" नामक अभियान के माध्यम से लिया। शिक्षा दर्पण सर्वे (आदिनांक–02) के अनुसार जिले में अनामांकित बच्चों की संख्या 7882 थी। इन्हें शैक्षिक संस्थाओं से जोड़ दिया गया है।

राजस्थान में न्यूनतम अनामांकित बालक/ बालिकाओं के प्रथम पांच जिलों में सीकर का स्थान चौथा है। जिला प्रशासन जनप्रतिनिधिगण, शिक्षा विभाग, साक्षरता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं डीपीईपी के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तर, नगर पालिका स्तर, उप खण्ड एवं खण्ड स्तर के अलावा अनामांकित बाहुल्य क्षेत्रों में कला जत्थों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सशक्त वातावरण का निर्माण किया गया, जिसके फलस्वरूप ही जिले में शत प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य हासिल हो सका।

4.3 जिले में सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्यों का विस्तृत विवरण निम्नप्रकार हैं :–

4.3.1 पहुंच :–

- सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत संचालित वैकल्पिक विद्यालयों को प्राथमिक विद्यालयों में कमोन्नत किया जायेगा। दो प्राथमिक विद्यालय पर एक प्राथमिक विद्यालय को उच्च प्राथमिक विद्यालय मे कमोन्नत किया जायेगा। इसका आधार यह रहेगा कि तीन किमी की परिधि में उच्च प्राथमिक विद्यालय की उपलब्धता क्षेत्र में प्राप्त हो। गांव की आबादी 500 तथा कक्षा 1 से 5 तक 100 बच्चे नामांकित हो
- जहां पर 1 किमी की परिधि में कोई प्राथमिक विद्यालय नहीं है एवं 6 से 8 आयु वर्ग के 25–30 बच्चे उपलब्ध है, वहां पर उनको शिक्षण सुविधा प्राप्त करने हेतु शिक्षा गारण्टी योजना के अन्तर्गत रा.गा.पा. केन्द्र की स्थापना की जायेगी। यदि बच्चों की संख्या 10 से कम हो तो शिक्षा मित्र केन्द्र भी खोले जायेगे।
- 9 से 14 आयु वर्ग के वे बच्चे जो किसी प्रकार से शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते है अथवा बीच में पढाई छोड़ जाते है, उन्हें वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा के माध्यम से ब्रिजकोर्स केन्द्र खोलते हुए शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जायेगा तथा विशेष वर्ग के बच्चे जो उपरोक्त केन्द्रों पर शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जायेंगे उनके लिए भी ब्रिजकोर्स समर कैम्प आदि के माध्यम से उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जायेगा।
- सत्र 2003–04 में ई.जी.एस. केन्द्र 243 को प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत कर दिया जायेगा तथा 2007 तक सभी ईजी.एस. एवं ए.एस. को प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत कर दिया जायेगा जिसमें प्रति विद्यालय 10000 के हिसाब से वर्ष 2003–04 में कुल 24.3 रूपये खर्च होने हैं कुल 772 प्राथमिक विद्यालयों को क्रमोन्नत 2007 मे कर दिया जायेगा जिस पर लागत 77.2 लाख रूपये का प्रावधान हैं।
- उक्त क्रमोन्नत विद्यालयों में एक नियमित अध्यापक तथा 2 पैरा टीचर लगाये जायेंगें अध्यापक के वेतन का प्रावधान 0.84 रूपये के हिसाब से 2003–04 में कुल 204.12 रूपये तथा 2007 तक 1625.40 रूपये खर्च होंगें।
- रागापा के समस्त विद्यालय शिक्षा गारंटी योजना के तहत चलाये जायेगे और ये विद्यालय तथा वै.वि. दोनों को आगे चलकर प्राथमिक विद्यालय में कमोन्नत कर दिया जावेगा।

4.3.2 नामांकन :–

सर्वशिक्षा अभियान के उद्देश्य एवं लक्ष्य बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन है। जिसके लिए वंचित बस्तियों को शैक्षिक सुविधा उपलब्ध कराना एवं प्रत्येक दो प्राथमिक विद्यालयों के अनुपात में एक उच्च प्राथमिक विद्यालय खोला जाना है।

सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत 6 से 14 आयु वर्ग के समस्त बच्चों का शत–प्रतिशत नामांकन कराया जाना है। इन बच्चों की वर्तमान में शाला त्याग दर 52 प्रतिशत है जिसे धीरे–धीरे कम करते हुए 2007 तक शून्य की स्थिति में लाया जायेगा। इस प्रकार 2003 तक 6 से 11 आयु वर्ग के सभी बच्चों का नामांकन कराना एवं 2007 तक शाला त्याग की स्थिति को शून्य कराया जाना है। वर्तमान में सीकर जिला का सकल नामांकन अनुपात 98 प्रतिशत है जिसे बढ़ाते हुए 2008 तक शत प्रतिशत किया जाना है। जिससे वर्तमान में शुद्ध नामांकन की दर 98 प्रतिशत को बढ़ाते हुए 2003 तक 100 प्रतिशत कराना प्रस्तावित है।

सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत जिले के 11 से 14 आयु वर्ग के 2007 तक अनुमानित 546717 बच्चों को शतप्रतिशत नामांकित कराया जाना है। इस आयु वर्ग के बच्चों की वर्तमान में शाला त्याग दर लगभग 52 प्रतिशत है। जिसे वर्ष 2010 तक कम करते हुए शून्य पर लाना है। इस आयु वर्ग के बच्चों का वर्तमान में शुद्ध नामांकन अनुपात 98 प्रतिशत है जिसे 2007 तक 100 प्रतिशत करना है।

4.4 ठहराव :–

सर्वशिक्षा अभियान का उद्देश्य 6 से 14 आयु वर्ग के उपलब्ध सभी बच्चों के नामांकन के साथ–साथ विद्यालय में उनका ठहराव भी बना रहे अर्थात् प्रवेश होने के बाद कोई भी बच्चा शाला त्याग न करे।

सीकर जिले में प्राथमिक स्तर की ड्राप आउट दर 52 है जिसे 2007 तक घटाकर शून्य किया जायेगा। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक स्तर की भी ड्रापआउट दर को 2010 तक घटाकर शून्य किया जायेगा। इस प्रकार 2010 तक सर्व शिक्षा अभियान के लक्ष्यों व उद्देश्यों की पूर्ति शत प्रतिशत किया जाना प्रस्तावित है। जिसे तालिका में दर्शाया गया है।

तालिका–46 6–14 आयु वर्ग के बच्चों का ठहराव

वर्ष	2001–2002	2002–2003	2003–2004	2004–2005	2005–2006	2006–2007	2007–2008	2008–2009	2009–2010
ठहराव दर में वृद्धि	48%	55%	67%	80%	90%	100%	100%	100%	100%

स्रोत ....

4.5 गुणवत्ता सम्बवर्द्धन :–

शत प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव के लिए आवश्यक है कि शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की क्षमता एव शिक्षा परिसर भी आकर्षक हो। इसके लिए शिक्षण संस्थाओं में शैक्षिक एवं भौतिक सुविधाओं की वृद्धि करने का प्रस्ताव है। जहाँ तक शिक्षकों का प्रश्न है उनके अध्यापक–कौशल के साथ–साथ प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ाये जाने वाले विषयों में अभीष्ट दक्षता अपेक्षित है। इसके लिए उन्हे समय–समय पर अभिनवीकरण प्रशिक्षण का प्रस्ताव है। पाठ्य पुस्तकों की संरचना भी छात्रों के मानसिक स्तर एवं सामाजिक अपेक्षाओं के सन्दर्भ में नये सिरे से करनी होगी। इसके अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण, पुर्ननिर्माण, शौचालय, हैण्डपम्प, विद्यालय की चारदिवारी के निर्माण का प्रस्ताव है। भौतिक उपकरणों के लिए भी प्रति अध्यापक प्रस्ताव किया गया है। शिक्षा को आकर्षक बनाने के लिए परिवेश में संचालित शिल्पों एवं उद्योगों आदि का शिक्षण एवं प्रशिक्षण का भी प्रस्ताव है। जहां तक शिक्षण के सैद्धान्तिक उन्नयन का प्रश्न है। इसमें बी.ई.ओ., डाईट, बी.आर.सी.एफ. की विशेष भूमिका है। अपेक्षित योग्यता वाले सन्दर्भ व्यक्तियों का प्रत्येक विकास क्षेत्र में गुणवत्ता के निरीक्षण के लिए समूह का गठन किया जायेगा। जन सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के लिए ग्राम शिक्षा समितियों को भी प्रशिक्षित, अधिकृत एवं संवलित किया जायेगा। डीपीईपी द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया जायेगा।

अध्याय – 5

पहुंच, नामांकन एवं ठहराव

5.1 भूमिका :-

जिला सीकर में शिक्षा के सार्वजनीकरण की लक्ष्य प्राप्ति हेतु सन् 2001 तक 1143 प्राथमिक विद्यालय संचालित थे। इसके अतिरिक्त राजीव गांधी स्वर्ण जयन्ती पाठशालाओं की संख्या 603 थी, जिनमें 04 रा.गा.पा. संस्कृत विद्यालयों की है। वैकल्पिक विद्यालयों/ मदरसा एवं शिक्षा कर्मी पाठशालाओं की संख्या क्रमशः 101, 29 व 34 हैं जो शिक्षा की सार्वजनीकरण की उद्देश्य प्राप्ति में भरपूर सहयोग दे रही है। इसके बावजूद जहां एक–डेढ किमी की परिधि मे प्रा.वि. नहीं है तो वहां वैकल्पिक विद्यालय खोलकर उस स्थान की शैक्षिक आवश्यकता की पूर्ति की जायेगी।

5.2 पहुंच :-

5.2.1 सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वे वै.वि. एवं मदरसे जो डीपीईपी में संचालित हैं, उन्हें प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किया जायेगा। जिससे जिले के प्रत्येक वासस्थान को प्राथमिक विद्यालय की सुविधा उपलब्ध हो सके। इनकी संख्या कुल 101 हैं। पंचायत समितिवार विद्यालयों की संख्या निम्नानुसार है –

तालिका–47

(पंचायत समितिवार वैकल्पिक विद्यालय जिनको प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किया जायेगा)

क्र.सं.	पंचायत समिति का नाम	प्रा.वि. की संख्या		वि.वि.
1	फतेहपुर	24		
2	लक्ष्मणगढ़	15		
3	धोद	7		
4	दांतारामगढ़	24		
5	खण्डेला	14		
6	नीमकाथाना	26		
7	श्रीमाधोपुर	9		
8	पिपराली	11		
	योग	130		

5.2.1.A सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत जिले के सभी 6–14 आयु वर्ग के बच्चों की विद्यालय में पॅहुच एवं ठहराव के लिये प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का अनुपात 2 : 1 होना चाहिये।

- जंहा 3 किमी परिधि में उच्च प्राथमिक विद्यालय नहीं हैं और गांव की आबादी 500 है वंहा प्राथमिक विद्यालय को उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किया जायेगा।
- नव क्रमोन्नत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रथम वर्ष में प्रधानाध्यापक व एक अध्यापक के पद स्वीकृत किये जायेंगें उसके बाद 2007 तक एक एक अध्यापक के पद स्वीकृत किये जायेंगें।
- नव क्रमोन्नत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रथम वर्ष एक मुश्त 50,000 रूपये दिये जायेंगें जो फर्नीचर, उपकरण एवं अन्य सुविधाओं में खर्च किये जा सकते हैं। ये राशि विद्यालय प्रबन्धन समिति के माध्यम से दी जायेगी।

इस प्रकार वर्ष 2003–04 में 86 प्राथमिक विद्यालयों को उच्च प्राथमिक विद्यालयों में क्रमोन्त किया जायेगा जिसका व्यय प्रत्येक विद्यालय के 50,000 के हिसाब से 43 लाख के व्यय का प्रावधान है सत्र 2006–07 तक कुल 231 नव उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 115.5 लाख खर्च किये जायेंगें सत्र 2003–04 में नव उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्र.अ. के 86 पद के वेतन का 10.32 लाख का प्रावधान है। सत्र 2003–04 में नव उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के 86 पदों का वेतन प्रति यूनिट 0.84 लाख रूपये के हिसाब से 72.24 लाख रूपये का प्रावधान है।

5.2.2 वर्तमान में जिले में 451 उच्च प्राथमिक विद्यालय हैं एवं प्राथमिक विद्यालयों की संख्या 1090 हैं। सर्व शिक्षा अभियान में विद्यालयों को क्रमोन्नत निम्न प्रकार से किया जाने का प्रावधान रखा गया है। वर्तमान में 1090 प्राथमिक विद्यालय व 451 उ.प्रा.वि. है। सत्र 2002–03 में 120 प्राथमिक विद्यालयों को क्रमोन्नत करने का प्रावधान रखा गया है। राजीव गॉधी स्वर्ण जयन्ती पाठशालाओं को प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत सत्र 2003–04 में 40प्रतिशत व सत्र 2004–05 से 2006–07 में 20प्रतिशत प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किया जायेगा। हर वर्ष प्राथमिक विद्यालयों को उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किया जयेगा। सत्र 2006–07 मे सभीवैकल्पिक विद्यालयें को प्राथमिक विद्यालयों मे क्रमोन्नत कर दिया जायेगा। शिक्षाकर्मी विद्यालयों को सत्र 2005–06 में प्राथमिक विद्यालयों में क्रमोन्नत कर दिया जायेगी क्रमोन्नत विद्यालयों की सारणी निम्नानुसार है –

तालिका :-48

वर्ष	प्रा.वि	उ.प्रा.वि	मा.शा	शिक्षाकर्मी	वैकल्पिक शि	योग	उन्नयन उ.प्रा.वि	उन्नयन प्रा.वि	उन्नयन के बाद					
									प्रा.वि	उ.प्रा.वि	मा.शा	शिक्षाकर्मी	वै.शि	योग
2002-03	1127	427	608	34	130	2326	0	34	1093	461	608	34	130	2326
2003-04	1009	447	603	34	130	2303	82	61	1008	529	542	34	130	2303
2004-05	1068	529	542	34	130	2303	3	61	1126	532	481	34	130	2303
2005-06	1136	532	481	34	130	2303	20	93	1159	552	388	34	130	2303
2006-07	1155	552	388	34	130	2303	31	61	1224	583	[illegible]	34	130	2303

उपरोक्त विद्यालयों के भवनों का निर्माण शाला प्रबंधन समिति के माध्यम से कराया जायेगा। जिसका तकनीकी परिवीक्षण सहायक अभियन्ता {डीपीईपी} द्वारा कराया जायेगा।

5.2.3 *शिक्षा गारण्टी योजना :-*

ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे वासस्थान जहां 1 किमी की परिधि में कोई शैक्षिक सुविधा नहीं है तथा जहां 20 से 25 बच्चे 6-14 आयु वर्ग के हो तो वहां शिक्षा गारण्टी योजना के अन्तर्गत शैक्षिक सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। शहरी क्षेत्रों में सड़क छाप बच्चों को शिक्षा मित्र या सांध्य स्कूल खोलकर लाभान्वित किया जायेगा। वर्तमान में जिले में संचालित 603 रागापाठशालाओं को ईजीएस में परिवर्तित किया जायेगा और 845 रू. प्रति छात्र प्रति वर्ष की दर से इनका भुगतान किया जायेगा। इसके साथ ही यदि भविष्य में भी कोई भी वासस्थान ऐसा शेष रहता है जहां पर एक से डेढ किमी की परिधि में कोई भी शैक्षिक सुविधा उपलब्ध नहीं हैं वहां पर ई.जी.एस. केन्द्र खोले जायेंगे।

5.2.4 *ब्रिज कोर्स :-*

9-14 आयु वर्ग के बालकों को जिन्होंने शाला त्याग कर दिया है अथवा जिनकी उम्र ज्यादा हो गई है। ऐसे बालक/ बालिकाओं की उनकी आवश्यकतानुसार ब्रिज कोर्स की स्थापना की जायेगी। इससे बालक/ बालिका दोनो ही शिक्षा की नियमित धारा से जुड़ जायेंगें। जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

सर्व शिक्षा अभियान के तहत ऐसे बालक बालिकाओं को तीन-तीन महिने के आवासीय एवं गैर आवासीय शिविरों के द्वारा अध्ययन करवाया जायेगा। वर्ष 2003-04 में आवासीय शिविर 32 तथा 2007 तक कुल 128 शिविर आयोजित होने हैं जिसके लिये 2003-04 में

आवासीय शिविरों हेतु व्यय 1.1 रूपये के हिसाब से 35.2 खर्च होने हैं तथा 2007 तक 128 शिविरों हेतु 140.8 राशि खर्च करने का प्रावधान है

गैर आवासीय शिविर 2003–04 में 32 शिविरों हेतु 0.3 रूपये के हिसाब से कुल 9.6 रूपये का प्रावधान रखा है

स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा या अन्य माध्यम द्वारा अनामांकित बच्चों को शिक्षा व्यवस्था से जोड़ने के लिये प्रति छात्र 845 रूपये के हिसाब से वर्ष 2003–04 में 200 बच्चों को तथा 2007 तक 8000 बच्चों का लक्ष्य तय किया गया है।

प्राथमिक शिक्षा के लिये 14 वर्ष से उपर आयु वाले 200 बच्चों के लिये 0.012 ईकाई लागत के हिसाब से 2003–04 में 2.4 रूपये का प्रावधान रखा गया है तथा 2007 तक 800 बच्चों के लिये 9.6 रूपये खर्च होने हैं।

5.2.5 अध्यापकों की आवश्यकता :-

नार्मस के आधार पर उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यालय में 8 शिक्षक और प्राथमिक विद्यालय में 5 शिक्षक होने चाहिए। सर्व शिक्षा अभियान में सीखने की प्रक्रिया को अधिक परिणामपरक बनाने हेतु अतिरिक्त अध्यापकों की आवश्यकता होगी। अतिरिक्त पैराटीचर्स को 1200/– रू. प्रतिमाह की दर से भुगतान किया जायेगा एवं 200 रू. प्रति वर्ष की दर अग्रिम वेतन वृद्धि प्रदान की जायेगी, जो अधिकतम 2000/– तक होगी। बालिकाओं के ठहराव दर को बढ़ाने के लिए महिला पैराटीचर्स को चयन में प्राथमिक दी जायेगी।

वैकल्पिक विद्यालयों एवं ई.जी.एस. को प्रा.वि. में परिवर्तित करना। जिले के 130 वै.वि. और 603 ई.जी.एस. केन्द्र को प्राथमिक विद्यालयों में परिवर्तित कर दिया जायेगा। इसके लिए विषयवार अध्यापकों की आवश्यकता पड़ेगी। उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक गणित, एक विज्ञान व अंग्रेजी विषय के अध्यापक की आवश्यकता होगी। प्राथमिक विद्यालयों में दो पैराटीचर्स व एक अध्यापक की नियुक्ति की जायेगी।

5.2.6 भवन, पेयजल, शौचालय एवं चारदीवारी की आवश्यकता :-

- सर्व शिक्षा अभियान के तहत 86 विद्यालय भवन बनाये जायेंगे और 200 विद्यालयों में 3 कमरे वाले भवन बनाये जायेंगे जिसकी ईकाई लागत 3.6 लाख एवं 6.25 लाख रूपये होगी।
- साथ ही नवीन प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयो में स्वच्छ पानी के पीने की व्यवस्था हेतु इण्डिया मार्का हैण्डपम्प अधिस्थापित कराया जायेगा। जिनकी संख्या 600 हैण्डपम्प,

700 पीएचईडी कनेक्शन व पानी की टंकी बनाई जायेगा। जिनकी ईकाई लागत क्रमशः 50,000 तक हैण्डपम्प और 20,000रू. पीएचईडी कनेक्शन।

- प्रत्येक विद्यालय में बालक/ बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक शौचालय निर्माण कराया जायेगा। इनकी संख्या 700 होगी और प्रति ईकाई लागत 10,000 रू. होगी।
- बालिकाओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए तथा विद्यालय प्रांगण को सुसज्जित एवं सुरक्षित करने के उद्देश्य से चार दीवारी का निर्माण कराया जायेगा। इनकी लागत विद्यालय की यूनिट कोस्ट में शामिल है।
- उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण भी कराया जायेगा। जिनकी संख्या 1010 होगी और इकाई लागत 1.20 लाख होगी। अति. कक्षा कक्ष इन्हीं विद्यालयों में बनाये जायेगे जहां पर अध्यापक-छात्र अनुपात 1:40 के अनुसार होगा।
- इसके साथ ही जिन विद्यालयों में विकलांग बालक/ बालिकाएं अध्ययनरत है, वहां पर रेम्प बनाये जायेगे। जिनकी संख्या 200 होगी और इकाई लागत 20 हजार।

5.3 विद्यालय सुविधा अनुदान :-

- जिन प्राथमिक विद्यालयों को उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किया जायेगा, उसमें 2000 रू. प्रति विद्यालय प्रति वर्ष की दर से विद्यालय सुविधा प्रदान की जायेगी एवं प्रत्येक अध्यापक को 500 रू. की दर से टीएलएम बनाने के लिए राशि उपलब्ध करवाई जायेगी।
- जिन वै.वि. को प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किया जायेगा, वहां भी 2000 रू. प्रति विद्यालय प्रति वर्ष की दर से विद्यालय सुविधा प्रदान की जायेगी एवं प्रत्येक अध्यापक को 500 रू. की दर से टीएलएम बनाने के लिए राशि उपलब्ध करवाई जायेगी।
- जिले में संचालित समस्त ईजीएस केन्द्र को जो प्राथमिक स्तर पर चल रहे हैं, 845 रू. प्रति छात्र की दर से प्रति वर्ष व्यय किये जायेगे एवं समस्त पैराटीचर्स को पांच सौ रू. प्रति वर्ष की दर से टीएलएम बनाने के लिए राशि उपलब्ध करवाई जायेगी।

5.3.1 विद्यालय भवनों का रख-रखाव :-

- जिले के समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथ. एवं अन्य विद्यालयों को 5000रू. प्रति विद्यालय की दर से प्रतिवर्ष स्कूल भवन के मरम्मत के लिए प्रति वर्ष दिये जायेगे।

5.4 सामुदायिक गतिशीलता :-

सर्वशिक्षा अभियान में सामुदायिक गतिशीलता का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। समुदाय की भागीदारी के बिना विद्यालय से संबंधित तमाम शैक्षिक एवं अन्य सुविधाओं का आकलन करना मुश्किल है। सूक्ष्म नियोजन गतिविधियों द्वारा उपलब्ध सुविधा एवं सूचना को अधिकतम उपयोग किया जायेगा।

समुदाय की सहभागिता लेने के लिए कई प्रकार की गतिविधियों का आयोजन प्रत्येक स्तर पर किया जायेगा, जैसे– महिला बैठकें, बाल मेला, कला जत्था के कार्यक्रम, विज्ञान मेला { 28 फरवरी } पी.आर.आई की प्रत्येक स्तरों पर बैठको का आयोजन किया जायेगा और समुदाय से वार्ता कर आवश्यक सहयोग लिया जायेगा।

- ग्राम स्तर पर वातावरण निर्माण गतिविधि हेतु प्रत्येक विद्यालय स्तर पर 1000/– रूपये प्रति विद्यालय 2003–04 में कुल राशि 15.360 का प्रावधान रखा गया है
- प्रत्येक ग्राम पंचायत (329) स्तर पर प्रति वर्ष 10000 रूपये की पुस्तकालय पुस्तक उपलब्ध करवाने का प्रावधान है। जिसकी लागत 2003–04 में 32.9 रूपये होगी।
- जन प्रतिनिधि एवं एस.एम.सी. का दो दिवसीय प्रशिक्षण का प्रावधान रखा है कुल प्रशिक्षण प्लान अनुसार 16488 होने हैं जिस की लागत 9.893 रूपये हैं।

5.5. सामुदायिक गतिशीलता की क्रियाविधि :-

इसमें निम्नलिखित कार्य कराये जायेगे :–

1. सर्वे मे 0–6 आयु वर्ग एवं 6–14 आयु वर्ग के बालक/बालिकाएं परिवार का आर्थिक एवं सामाजिक स्तर विद्यालय जाने वाले और न जाने वाले विशेष रूप से बालिकाएं इस सर्वे में जोड़ी जायेगी।
2. नजरी नक्शा, कैच मैन्ट एरिया के आधार पर समुदाय की भागीदारी से तैयार किया जायेगा।
3. वर्तमान में शैक्षिक सुविधाओं का आकलन कराया गया है कि कितने विद्यालयों में भवन की आवश्यकता है। पानी एवं शौचालय की सुविधा कितनी है। साथ ही अतिरिक्त भवन एवं कक्ष कितने बनेगे। जिससे विद्यालयी वातावरण आकर्षक बने।

4. एवं स्वस्थ सामाजिक वातावरण का निर्माण किया गया, जिसमें कला जत्थे की कलाकारों ने सामुहिक नृत्य, नाटक, महिला सम्मेलन, बालमेले, बालिका मंच एवं नगरपालिका से सदस्यों का आमुखीकरण भी किया गया।

5. सूक्ष्म नियोजन क्रियाविधि :–
सूक्ष्म नियोजन की कियाविधि में निम्नलिखित कार्य कराये जायेंगे:–
   1. स्कूल मैपिंग की सूचनाओं की अपडेशन
   2. विद्यालय प्रबन्धन समिति/ संकुल केन्द्र प्रभारी द्वारा संकलित सूचनाओं को समेकित रजिस्टर ग्राम स्तर पर तैयार किया जायेगा।
   3. विद्यालय प्रबन्ध समिति जो वार्डवार/ मोहल्लेवार अनामांकित बालको की जवाबदारी सौंपी जायेगी, जिससे उनका नामांकन कराया जा सके।
   4. बच्चे से सम्बंधित सूचना का रजिस्टर रखा जायेगा और मीटिंग्स में उनकी चर्च की जायेगी।

6. प्रवेशोत्सव :– प्रतिवर्ष 6–14 आयु वर्ग के बालक/ बालिकाओं को शाला से जोड़ने हेतु प्रवेशोत्सव जुलाई के प्रथम एवं द्वितीय सप्ताह में मनाया जायेगा। निम्नलिखित कार्य किये जायेगे:–
   1. स्कूल मैपिंग एवं माइक्रो प्लानिंग की कियाविधियों की चर्च प्रवेशोत्सव में की जायेगी। पूर्व एवं वर्तमान के अनुभवों की चर्च की जायेगी।
   2. अध्यापक विद्यालय प्रबन्धन समिति के सदस्य को प्रोत्साहित किया जायेगा, जिससे बालक/ बालिकाओं का नामांकन एवं ठहराव बढ़ सके।
   3. मोहल्ले एवं वार्डो की सभाएं आयोजित की जायेगी। जिससे वातावरण निर्माण हो सके एवं कुछ फोल्डर, ब्रोशरस एवं साहित्यिक पैम्पलेट्स का निर्माण कर वितरण सुनिश्चित किया जायेगा।
   4. अध्यापक अभिभावक संघ एवं मातृ/ अध्यापक संघो को विश्वास में लेकर विशेष रूप से लड़कियों के नामांकन हेतु प्रयास किये जायेगे।
   5. कुछ आडियो, वीडियो कैसेट्स का निर्माण कर योजनाविधि में वातावरण निर्माण के क्षेत्र में काम में लिये जायेगे।

7. बाल–मेला/ शिक्षा आपके द्वार अभियान :– सभी प्राथमिक विद्यालायों में अनामांकित बालाकों को आकर्षित करने हेतु बाल मेलों का आयोजन किया जायेगा। जिससे विभिन्न प्रकार का सांस्कृतिक/ साहित्यिक/ खेलकूद किया आधारित कार्यक्रम सम्पादित किये जायेंगे।

8. महिला बैठकें/ सम्मेलन :– प्रत्येक संकुल स्तर पर महिला सम्मेलनों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें महिला उत्थान से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी उन्हें दी जायेगी। साथ ही अनुसूचित जाति/ जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग की बालिकाओं का नामांकन व ठहराव की बात की जायेगी। साथ ही ऐसी महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी जिनकी बच्चियां विद्यालयों में नहीं आती है।

9. संस्थागत सुविधाएं :– जहां तक सुविधाओं का प्रश्न है, सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, राजीव गांधी पाठशालाओं में शौचालय की सुविधा, लड़के–लडकियों के अलग–अलग शौचालय, पानी की सुविधाऐं भी प्रदान की जायेगी। जिससे शैक्षिक वातावरण सुखद बन सके।

संस्थागत सुविधाएं	उ.प्रा.वि.		प्रा..वि.		रा.गा.स्व.ज.पाठ.		योग	
	वर्तमान	आवश्यकता	वर्तमान	आवश्यकता	वर्तमान	आवश्यकता	वर्तमान	आवश्यकता
हैण्ड पम्प							1539	600
पी.एच.डी. कनेक्शन	298	149	739	350	502	101		
शौचालय सुविधा	287	160	778	311	374	229	1439	700
चार दीवारी	318	129	822	267	133	470	1273	866

10. अतिरिक्त कक्षा कक्षों की आवश्यकता :– वर्तमान में प्राथमिक विद्यालयों अधिकतम विद्यालयों में 2 या 3 कक्षा कक्ष है। जबकि कक्षाएं बालक/ बालिकाओं से भरी हुई है। सर्वशिक्षा अभियान में प्रत्येक अध्यापक के लिए एक कक्षा कक्ष की आवश्यकता है। साथ ही प्रधानाध्यापक कक्ष अलग है। इस प्रकार कुल अतिरिक्त कक्षा कक्षों की आवश्यकता निम्न तालिका में दर्शायी गई है।

प्रा. एवं उच्च प्रा. वि. में अध्यापकों की संख्या	कुल उपलब्ध कक्षा–कक्ष	अतिरिक्त कक्षा कक्षों की आवश्यकता
7571	8238	1010

11. विद्यालय सुविधा अनुदान :– जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अनुसार ही जिले में अवस्थित समस्त प्रा.वि., उच्च प्रा.वि., नये प्रा.वि., नये उ.प्रा.वि., वै.वि., मदरसों व रा.गा. पा. में रू. 2000/– प्रति विद्यालय सुविधा अनुदान प्रदान किया जायेगा।

विद्यालयों की संख्या							
उ.प्रा.वि.	नवीन उ.प्रा.वि.	प्रा.वि.	नवीन प्रा.वि.	मै.दि.	मदरसा	सा.शि. मा.	योग
617	37	1069	59	101	29	603	0

12 बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना :– सर्व शिक्षा अभियान मे बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कुछ विशेष कार्यक्रम चलाये जायेगे। समर कैम्प, उपचारात्मक शिक्षण केन्द्र, स्वयंसेवी संगठनों द्वारा एस.सी., एस.टी., बालिकाओं को शैक्षिक सम्बल एवं कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान की जायेगी। बालिकाओं में दक्षता विकास का कार्य कराया जायेगा।

13. पूर्व प्राथमिक शिक्षा हेतु **शिशु शिक्षा केन्द्र** :– नामांकन एवं ठहराव में वृद्धि हेतु प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय/ उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में पूर्व प्राथमिक शिक्षा हेतु शिशु शिक्षा केन्द्र खोले जायेगे। जो बच्चे कृषि कार्य, छोटे भाई बहिनों की देखभाल या घरेलू कार्य के कारण विद्यालय जाने में असमर्थ है उनके लिए ये केन्द्र महत्वपूर्ण साबित होंगे। इनके केन्द्रो पर समस्त आवश्यक शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध करवायी जायेगी। डीपीईपी द्वारा 100 पूर्व प्राथमिक केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं प्रोजेक्ट समाप्ति पर आई.सी.डी.एस. को सुपुर्द कर दिये जायेगें।

14. विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चों को मुख्य–धारा से जोड़ना :– सर्वशिक्षा अभियान सामुदायिक सहभागिता से प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वजनिकरण के लिए एक प्रयास है। क्षेत्रीय समुदाय की सक्रिय सहभागिता के माध्यम से सामाजिक एवं जेण्डर सम्बंधी अन्तर को समाप्त किया जायेगा। सन् 2003 तक बच्चों के विद्यालय/ शिक्षा गारंटी योजना/ वैकल्पिक विद्यालय/ बैक टू स्कूल कैम्प/ ब्रिज कोर्स से जोड़ने के लिए विशेष उत्प्रेरकों को काम में लिया जावेगा। इसलिए विद्यालय न जाने वाले या बीच में विद्यालय छोड़ने वाले या नियमित विद्यालय न जाने वाले बच्चों पर मुख्य ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। नियोजन प्रकिया से प्रदर्शित होता है कि प्रस्तावित जिले में .... अनामांकित बच्चे हैं। निम्नांकित व्यूहरचना इन बच्चो के मुख्य धारा में सम्मिलित करेगी।

15. बाल मजदूर व शैक्षिक मुद्दों के विरूद्ध सामुदायिक अभियान एवं गतिशीलता समस्त आवास स्थानों पर सामुदायिक सहभागिता से व विद्यालयों के सशक्तिकरण से लायी जायेगी। इस उपलब्धि के लिए शैक्षिक भ्रमण, एस.एम.सी. के सदस्यों के प्रशिक्षणों का आयोजन किया जायेगा तथा शैक्षिक संस्थाओं को वित्तीय संसाधन उपलब्ध करवाये जायेंगे।

16. जहां 10 या अधिक अनामांकित बच्चे उपलब्ध होंगे उन आवास स्थानों पर आवासीय एवं गैर आवासीय ब्रिज कोर्सेज संचालित किए जायेंगे। ऐसे कोर्सेज की अवधि 3-6 महिने होगी। शिक्षा मित्र/ शिक्षा सहयोगी/ पैराटीचर्स/ क्षेत्रीय स्वयंसेवक और स्वयंसेवी संस्था जो कि एस.एम.सी. द्वारा चिन्हित हो, इन कोर्सेज एवं शिविरों को अनामांकित बच्चों को मुख्यधारा से जोडने के लिए इन कोर्सेज/ शिविरों को संचालित करें।

5.5.1 *निर्माण कार्य :-*

जिले के अधिकांश विद्यालयों में कक्षाकक्ष का अभाव है। मानदण्डानुसार प्राथमिक विद्यालयों में कुल कक्षाओं के अनुसार कक्षा कक्ष होगा तथा एक प्र.अ. का कक्ष अलग से होगा। इसी तरह उ.प्रा.वि. में कुल 8 कक्षा कक्ष तथा एक प्र.अ. कक्ष होगा। यह न्यूनतम आवश्यकता पर आधारित है।

तालिका- 49 { अतिरिक्त कक्षा कक्षों की आवश्यकता }

क्र.सं.	पंचायत समिति का नाम	अतिरिक्त कक्षा कक्षों की मांग
1.	फतेहपुर	121
2.	लक्ष्मणगढ़	79
3.	धोद	139
4.	दांतारामगढ़	169
5.	खण्डेला	140
6.	नीमकाथाना	136
7.	श्रीमाधोपुर	89
8.	पिपराली	137
	योग	1010

अध्याय 6

गुणवत्ता-शिक्षा

6.1 भूमिका :-

वर्तमान में प्राथमिक शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु इस जिले में डीपीईपी. कार्यक्रम के द्वारा भौतिक सुविधाओं तथा संसाधनों का सृजन और संवर्द्धन करने के अतिरिक्त गुणवत्ता सुधार हेतु अनेक कार्यक्रमो का संचालन किया जा रहा है । इस हेतु जिला स्तर से शिक्षकों को कार्यस्थल पर सहयोग-समर्थन हेतु योजनाबद्ध कार्य किया जा रहा है । इस कार्य में जिले में स्थापित 8 बी.आर.सी. तथा 115 सी. आर सी. केन्द्रो की महत्वपूर्ण भूमिका रही है । इन कार्यालयों द्वारा संस्थागत क्षमता संवर्द्धन के अतिरिक्त ग्राम शिक्षा समितियों ,ई.सी.ई. अनुदेशिकाओं /सहायिकाओं तथा वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के संचालन हेतु प्रशिक्षण और क्षमता विकास का कार्य किया गया है । चूंकि विद्यालयों में छात्रों का ठहराव सुनिश्चित करने के लिए गुणात्मक शिक्षा का होना अत्यंत आवश्यक है , अतः सर्व शिक्षा अभियान में भी आगामी वर्षो में गुणात्मक शिक्षा हेतु विभिन्न गतिविधियों सम्पादित करने का प्रावधान रखा जा रहा है ।

6.2 शिक्षण अधिगम निर्माण :-

डीपीईपी. के अन्तर्गत शिक्षण सामग्री के निर्माण तथा उपयोग को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से रु. 500/- की धनराशि प्रतिवर्ष शिक्षक अनुदान के रूप में जिले के प्राथमिक शिक्षा में कार्यरत शिक्षकों को उपलब्ध कराई गई थी । इस धनराशि के समुचित उपयोग हेतु तथा शिक्षकों में पाठ्यवस्तु आधारित शिक्षण सामग्री के विकास के लिए उनका अभिमुखीकरण हेतु सी.आर.सी./बी.आर.सी. तथा जिला स्तर पर टी.एल.एम. प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया । जिसके बेहतर परिणाम सामने आये तथा कक्षा-कक्ष में शिक्षण के दौरान सम्बंधित शिक्षण सामग्री के उपयोग को भी बढ़ावा मिला । इसके अलावा शालाओं में छात्र हितार्थ उपयोग हेतु रु. 2000/- (विद्यालय फेसिलिटी ग्रांट) का भी डीपीईपी. द्वारा अनुदान दिया गया था । इसी सुविधा को सर्व शिक्षा अभियान में जारी रखने का प्रावधान किया गया है ।

6.3 निः शुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण :-

जिले में निर्धन एवं असहाय परिवारो के बालक /बालिकाओं , अनुसुचित जाति /अनुसुचित जनजाति के परिवारों के बालक/बालिकाओं कों प्रारम्भिक शिक्षा से जोड़ने के लिए उन्हें कक्षा 1 से कक्षा 8 तक पाठ्यपुस्तकों का निःशुल्क वितरण किए जाने का प्रस्ताव सर्व शिक्षा अभियान में रखा जा रहा है । हालांकि राज्य सरकार द्वारा वर्तमान मे यह सुविधा भी उपरोक्त वर्गो के बालक/बालिकाओं को प्रदान की जा रही है । लेकिन उपयुक्त समन्वयन के अभाव में जरूरत मंद छात्रों तक यह सुविधा नही पहुंच रही है । अतः जिले के प्रारंभिक शिक्षा विभाग से बेहतर समन्वय स्थापित किया जाकर जरूरत मंदों को उपरोक्त सुविधा मुहैया करवाई जाएगी ।

सर्व शिक्षा अभियान के तहत राजकीय उ.प्रा.वि. में कक्षा 6 से 8 में अध्ययनरत अनु. जाति एवं अनुसुचित जनजाति के बालकों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करने के लिए 100 रू. प्रति बालक प्रति वर्ष का प्रावधान रखा गया है।

क्र.सं.	कक्षा 6से8 में अध्ययपरत बालक		कुल	यूनिट	कुल लागत
	एस.सी	एस.टी.			
1	10626	4374	15000	100 रू.	1500000

6.4 पुस्तकालय अनुदान :-

सर्व शिक्षा अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर एक पब्लिक पुस्तकालय और रिडींग रूम का प्रावधान रखा गया है। सीकर जिले में कुल 329 ग्राम पंचायतें है। प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए पुस्तकालय हेतु 2000 रू. प्रति वर्ष का प्रावधान किया गया है।

क्र.सं.	कुल ग्राम पंचायत	युनिट प्रति रिडींग रूम	कुल लागत
1	329	2000 रू.	658000

इस प्रकार 2007 तक कुल व्यय 26.300 लाख खर्च किये जाने का प्रावधान है।

6.5 प्रशिक्षण :-

सर्व शिक्षा अभियान गुणवत्तापुरक प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण का अत्यंत महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है । इस परियोजना में 6–14 वर्ष की आयु-वर्ग के सभी

बालक–बालिकाओं को वर्ष 2010 तक जीवनोपयोगी तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य है जिसे स्कूली शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक परिवर्तन करके तथा समुदाय की भागीदारी सहित प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने की रणनीति के द्वारा प्राप्त किया जायेगा ।

कार्यक्रम के लक्ष्य इस प्रकार है :–

- 6–14 वर्ग के सभी बच्चों को स्कूल , ई.जी.एस. केन्द्र , वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों में लाया जायेगा ।
- सभी बच्चें पांच वर्ष की प्राथमिक शिक्षा पुरी करें , यह लक्ष्य वर्ष 2007 तक प्राप्त कर लिया जायेगा ।
- सभी बच्चे आठ वर्ष की शिक्षा पूरी करें, , यह लक्ष्य वर्ष 2010 तक प्राप्त किया जायेगा।
- गुणवत्तापरक शिक्षा जो जीवनोपयोगी कौशलों पर बल देती हो , प्रदान की जायेगी ।
- प्राथमिक स्तर पर बालक–बालिकाओं , समुदायों और समूहों के मध्य अंतर को 2007 तक तथा समग्र प्रारंभिक स्तर पर 2010 तक समाप्त कर लिया जायेगा।
- लक्ष्य समूह (6–14) के सभी बच्चों का स्कूल में ठहराव का लक्ष्य 2010 तक सुनिश्चित किया जायेगा ।

शिक्षक प्रशिक्षण :– सर्व शिक्षा अभियान के लक्ष्यों की प्राप्ति में शिक्षक प्रशिक्षण तथा बेहतर शिक्षण विद्या की महत्वपूर्ण भूमिका होती है इसके लिये सर्व प्रथम गुणात्मक परिवर्तन के लिये प्रारम्भिक शिक्षा से जुडे जिले के समस्त शिक्षकों के प्रशिक्षण आयोजित किये जायेंगें।

सेवारत शिक्षकों के प्रशिक्षण :– प्रत्येक वर्ष प्राथमिक/ उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को 20 दिवसीय प्रशिक्षण की व्यवस्था रखी गई है जिसमें 9 दिवसीय विषय आधारित प्रशिक्षण दिया जायेगा, 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिक्षण अधिगम निर्माण का दिया जायेगा। सत्र 2003–04 में 20 दिवसीय प्रशिक्षण 4223 अध्यापकों को दिया जायेगा जिसकी ईकाई लागत 0.014 के हिसाब से कुल 187.348 लाख रूपये का प्रावधान है। व 8 दिन संकुल केन्द्र पर मासिक बैठकों के माध्यम से प्रशिक्षा का प्रावधान रखा गया है। इसके अलावा डाईट के संकाय सदस्यों , जिला परियोजना कार्यालय के सदस्यों , तथा ग्राम पंचायत स्तरीय अभिकर्मियों के लिए डाईट स्तर से आमुखीकरण कार्यशालाएं आयोजित की जायेंगी । इन प्रशिक्षणों में मुख्यतः सर्व शिक्षा अभियान के उद्देश्यों तथा लक्ष्यों , बच्चों की वर्तमान स्थिति तथा उसमें बदलाव के लक्ष्यों , शिक्षकों–विद्यालयों तथा कक्षा–कक्षों की प्रकिया की वर्तमान स्थिति तथा उसमें बदलाव के लक्ष्यों के प्रति विशेष बल दिया जाऐगा जिससे उपरोक्त सभी की विचार–अवधारणाएं समान बन सकें । सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण अनुभवों , वर्तमान में अनुभूत आवश्यकताओं यथा बहुकक्षा–बहुस्तरीय शिक्षण प्रविधियों की जानकारी , वास्तविक शिक्षण समय को बढ़ाना , प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिए विकसित

नवीन पाठ्यक्रम और पाठ्यवस्तुओ के बेहतर और प्रभावी उपयोग आदि के आलोक में अन्य प्रशिक्षण भी आयोजित किये जायेंगे ।

अप्रशिक्षित अध्यापकों के प्रशिक्षण :– शिक्षा मे गुणवत्ता लाने एवं रोचक शिक्षण के लिये सर्व शिक्षा अभियान में जिले के कुल 279 अप्रशिक्षित अध्यापकों के 60 दिवसीय प्रशिक्षण का प्रावधान है सत्र 2003–04 में 279 अप्रशिक्षित अध्यापकों पर प्रशिक्षण के लिये प्रति ईकाई 0.042 रूपये के हिसाब से कुल 11.718 लाख रूपये खर्च करने का प्रावधान है। अभिनवन प्रशिक्षण प्रति वर्ष डाईट के माध्यम से प्रदान किये जायेंगें जिस पर सत्र 2007 तक कुल 46.872 लाख का प्रावधान है।

नये पैरा टीचर के प्रशिक्षण :– विद्यालयो मे नियोजित पैरा टीचर्स व नये अध्यापकों को 30 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण प्रथम वर्ष में दिये जाने का प्रावधान है इसके बाद भी नियमानुसार प्रति वर्ष अभिनवन प्रशिक्षण दिये जाने का प्रावधान इस अभियान में रखा गया है। 674 नये पैराटीचर्स पर 14.158 लाख व्यय होंगें।

6.6 डाईट का सुदृढीकरण :-

जिले की डाईट संस्था सीकर में स्थित है एवं 1990–91 से कार्यरत है डाईट का वर्तमान प्रबन्धन निम्नानुसार सरणी में प्रस्तुत है :–

तालिका–50

क्र.सं.	विवरण	स्वीकृत पद	वेतनमान
1	उपनिदेशक (प्राचार्य)	1	10650–15850
2	उप प्राचार्य	1	10000–15200
3	व्याख्याता (वरिष्ठ)	5	9000–14400
4	लेखाकार	1	5500–9000
5	कार्यालय अधीक्षक	1	5500–9000
6	स्टेनो ग्राफर	1	5500–9000
7	सांख्यिकी निरीक्षक	1	5000–8000
8	पुस्तकालयाध्यक्ष	1	4000–6000
9	प्रयोगशाला सहायक	1	5000–8000
10	कार्यशाला सहायक	1	5000–8000
11	वरिष्ठ लिपिक	1	4000–6000
12	कनिष्ठ लिपिक	7	3050–4590
13	सहायक कर्मचारी	6	2500–3200

डाईट की भूमिका शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रमों , गुणात्मक शिक्षण एवं मॉनीटरिंग हेतु महत्वपूर्ण होती है । लेकिन डाईट में उपलब्ध छात्रावासों में अपर्याप्त व्यवस्था तथा अपर्याप्त उपकरणों के कारण यह संस्था अपना अस्तित्व खो रही नजर आती है । सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम , पैराटीचर्स आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम , ब्लॉक संदर्भ सहयोगियों तथा संकुल सदर्भ सहयोगियों का अभिनवन प्रशिक्षण एवं लिंग-संवेदनशीलता संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सम्पादन तथा जिला स्तर पर शैक्षिक अनुसंधान करना, शैक्षिक नवाचार तैयार करना तथा सर्व शिक्षा अभियान के प्रशिक्षणों को अन्य प्रशिक्षणों के साथ समाविष्ट करना तथा इनका प्रबंधन डाईट के माध्यम से ही किए जाने का प्रावधान है।

6.7 *जिला प्रा.शि.कार्यालय का सुदृढीकरण :-*

जिला प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी सर्व शिक्षा अभियान के क्रियान्वयन एवं संचालन हेतु प्रभारी अधिकारी की भूमिका निर्वाह करेंगें अभियान को गति देने के लिये उन्हें संसाधन देने का प्रावधान रखा है जिसमे एक टेलीफोन, एक गाड़ी, उपकरण हेतु 1.00 लाख रूपये तथा कम्प्यूटर मय आपरेटर के लिये 84 हजार एवं रैकरिंग बजट 20 हजार रूपये प्रति वर्ष देने का प्रावधान है तथा अपेक्षा की गई है कि अभियान के क्रियान्वयन एवं मोनिटरिंग में विभिन्न स्तरों पर सहयोग तथा वांचित सूचना समय पर उपलब्ध करवाना। जिला स्तर पर विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं में आपसी तालमेल स्थापित करना एवं सर्व शिक्षा अभियान में सहयोग देना।

6.8 *ब्लाक प्रा.शि.कार्यालय का सुदृढीकरण :-*

सर्व शिक्षा अभियान में ब्लाक प्रा.शि. अधिकारी, खण्ड सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी का प्रशासनिक अधिकारी होगा और बीआरसीएफ को अपनी समस्त सूचनायें एवं प्रगति से बी.ई.ई.ओ. को अवगत कराना होगा। इस कार्यालय को मजबूती प्रदान करने के लिये उपकरण के लिये 85 हजार रूपये प्रति ब्लाक का प्रावधान रखा गया है साथ ही 12 हजार रूपये प्रति माह की दर से एक वाहन सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी साथ ही 10 हजार रूपये आवर्तक राशि प्रति वर्ष प्रति ब्लाक उपलब्ध कराई जायेगी साथ ही एक कम्प्यूटर मय आपरेटर प्रति ब्लाक प्रति वर्ष रखे जाने का प्रावधान है जिस पर योजना अवधि में 26.88 लाख रूपये रखे जाने का प्रावधान है।

अध्याय 7

विशिष्ठ फोकस ग्रुप

7.1 भूमिका :-

जिले में नामांकन की शत्-प्रतिशत उपलब्धि के लिए समाज के कुछ विशेष वर्गों के ऊपर ज्यादा जोर दिया जाना आवश्यक है । इनमें छात्राएँ , घुमक्कड़ जातियों के बालक/बालिकाएँ एवं विकलांग छात्र प्रमुख है । इन सभी वर्गों की अपनी-अपनी सामाजिक , आर्थिक एवं शारीरिक समस्याओं के कारण इन वर्गो के अधिकांश छात्र/छात्राएं तथा इनके अभिभावक अध्ययन के लिए चाहते हुए भी इन्हें शाला में प्रवेश नहीं दिला पाते है । सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत ऐसे वर्गो के लिए विशेष-पैकेजों का प्रावधान किया जा रहा है।

7.2 लिंग संवेदनशीलता :-

समाज में महिला-पुरूष के प्रति भेदभाव के कारण जिले की महिला साक्षरता दर आज भी शोचनीय स्तर पर है । इसके निम्न कारण है :-

- बालिकाओं के अभिभावक दूरस्थ प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में उन्हें भेजने में कठिनाई का अनुभव करते है , क्योंकि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत प्राथमिक /उच्च प्राथमिक विद्यालय दूर-दूर स्थित है । प्रायः असुरक्षा के कारण ही कक्षा 6 , 7 व 8 की स्कूली शिक्षा से बालिकायें वंचित हो जाती है ।
- इस जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी महिलाओं की शिक्षा 55.70% है, जो कि शहरी क्षेत्र की साक्षरता दर से 60.60% से कम है। ऐसी स्थिति अभिभावकों में बालिकाओं की शिक्षा का महत्व नहीं समझने से हुई है । आज भी अभिभावक अपने बालकों को तो स्कूल भेजने में रूचि लेते है , किन्तु बालिकाओं को यह समझकर स्कूल नहीं भेजते कि शादी/विवाह के उपरान्त उन्हें तो केवल घरेलू कार्य ही करना है ।
- प्रायः यह देखा जा रहा है कि जिन परिवारों में अभिभावक दैनिक मजदूरी पर कार्य करते हैं , उस परिवार की बालिकायें अभिभावकों के घर से बाहर रहने पर घरेलू कार्यो को निपटानें में व्यस्त रहती है तथा अपने छोटे भाई , बहनों की देख भाल करती है । इसलिए स्कूल नहीं जा पाती है ।

- कुछ समुदाय विशेष (मुस्लिम) के परिवारों की बालिकायें मदरसों की दीनी शिक्षा तक ही सीमित रह जाती है । उन परिवारों के अनपढ अभिभावक बालिकाओं की स्कूली शिक्षा को धर्म विरुद्ध मानते है साथ ही साथ पर्दाप्रथा के कारण इस समुदाय में बालिकाओं को सामान्यतः स्कूलों में भेजने से कतराते है ।
- ग्रामीण क्षेत्र में अब भी अज्ञानता के कारण छोटी उम्र में ही बालिकाओं की शादी कर दी जाती है । निर्धन तथा अशिक्षित परिवारों में इस प्रथा की बाहुल्यता है । इस प्रकार की सामाजिक कुरीतियां के कारण बालिकायें स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाती है ।
- व्यावसायिक शिक्षा के अभाव तथा बेराजगारी को देखते हुए प्रायः अभिभावक यह समझते है कि बालिकाओं की शिक्षा से कोई लाभ नहीं है। और स्कूल भेजने की अपेक्षा वे बालिकाओं को घर के काम काज तथा पारिवारिक पेशे में ही उन्हें व्यस्त कर देना चाहते है ।
- डीपीईपी. के क्रियान्वयन के उपरान्त भी कतिपय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शौचालय , पेयजल , चार दीवारी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है । ऐसी स्थिति में भी लड़कियाँ बड़ी होने पर शाला का परित्याग कर देती है ।

7.3 ब्रिज कोर्स :-

सड़क , प्लेटफार्म , दूकानों , घुमन्तू बच्चों , नौकरी पेशा , कुलीगिरी तथा कूड़ा बीनने वाले बच्चों जिनका वर्ग सामान्यतः 6–14 वर्ष की आयु का है , के लिए ब्रिज कोर्स / ग्रीष्मकालीन शिविर सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत संचालित किये जायेंगे । इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य औपचारिक विद्यालय से वंचित बच्चों को औपचारिक विद्यालयों में लाने का है। इस जिले में परियोजना अवधि में कुल 256 (128 आवासीय, 128 गैर आवासीय) ब्रिज कोर्स संचालित किए जाने का प्रावधान है ।

इन शिविरों की अवधि आवश्यकतानुसार 4 माह से 18 माह तक की हो सकती है । इसमें बच्चों की निर्धारित संख्या 15–20 तक होगी तथा ये शिविर पूर्णतः आवासीय होंगे । इन शिविरों में बच्चों के रहने , खाने–पीने एवं शिक्षण आदि की व्यवस्था निःशुल्क होगी । निर्धारित मानकों के अन्तर्गत इन शिविरो में 1 केयर टेकर , 2 पैराटीचर , 1 रसोईयां एवं 1 चौकीदार की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। इन शिविरों का निर्धारण जिले की माइक्रोपलानिंग के आधार पर किया जायेगा ।

7.4 विकलांग बच्चों के लिए समेकित शिक्षा :-

7.4.1 भूमिका :-

सामान्य भाषा में शारीरिक अथवा मानसिक दृष्टि से किसी भी प्रकार की अपूर्णता या असमर्थता को विकलांगता कहते है। विकलांगता चाहे वह किसी भी प्रकार की हो, किसी भी मात्रा में हो, मानव व्यक्तित्व को प्रभावित करती है। एक ऐसा व्यक्ति जिसमें ऐसे शारीरिक दोष हो जो किसी भी रूप में उसे सामान्य क्रियाओं में भाग लेने से रोकते है या सीमित रखते है, विकलांग कहलायेगा। ऐसे बालको में हीन भावना भरी रहती है तथा उनमें स्वाभिमान की कमी होती है। विकलांग बच्चो को सर्वांगीण विकास के लिये पर्याप्त अवसर नही मिल पाता है, अतः उन्हें भी सामान्य बालकों के साथ ही मुख्य धारा में जोड़ा जाना चाहिये। शैक्षिक प्रयास के इसी दौर में "विकलांगो के लिये एकीकृत शिक्षा योजना" की संकल्पना जर्मनी में जन्मी, लुप्त हुई और अब पुनः भारत जैसे विकासशील राष्ट्र में भी साकार हो उठी है। अवसरों की समानता और संवैधानिक प्रवृतियों के अन्तर्गत आर्थिक एवं मनोवैज्ञानिक कारणों से राष्ट्रीय संकल्प के रूप में विकलांग एकीकृत शिक्षा प्रभावी हुई ताकि अछूत विकलांग सही अर्थों में मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।

7.4.2 महत्व :–

किसी भी देश का 10 में से 1 व्यक्ति विकलांग है। संसार में 40 करोड़ लोग किसी न किसी विकृति के शिकार है। इनमें बच्चों की संख्या बहुत अधिक है। भारत में विकलांग बालकों के सही आंकड़े उपलब्ध नहीं है, फिर भी अनुमान है कि 30 लाख से अधिक बच्चे किसी न किसी विकलांगता से ग्रसित है। यद्यपि विकलांगो में किसी न किसी प्रकार की असमर्थता पाई जाती है फिर भी उनमें दोषयुक्त क्षेत्र को छोड़कर अन्य क्षेत्र में अप्रत्याशित क्षमता व विलक्षणता देखने को मिलती है। अतः विकलांगो को शिक्षा, प्रशिक्षण एवं पुनर्स्थापन की सेवायें उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर एवं समाज का उपयोगी अंग बनाया जा सकता है। विकलांग बालकों को यह अहसास कराना होगा कि उनकी मूलभूत आवश्यकतायें सामान्य बालकों के समान ही है, इससे उनकी मनोदशा पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। और उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना होगा। विकलांगो को शिक्षण प्रशिक्षण एवं अन्य सुविधायें उपलब्ध कराने एवं समाज में उनका उचित समायोजन करने के लिये "विकलांग बालको की एकीकृत शिक्षा योजना" ही एक मात्र सशक्त योजना है।

7.4.3 उद्देश्य :–

- विकलांग बालकों को सामान्य विद्यालयों में विशेषज्ञ अध्यापकों और विशेष उपकरणों की सहायता से पढाना।

- विकलांग बालक को हीन भावना से मुक्ति दिलाकर उनमें स्वाभिमान लाना।
- सर्वांगीण विकास हेतु पर्याप्त अवसर देना।
- विकलांग बालकों को समाज में शारीरिक, मानसिक सामंजस्य स्थापित करने में सहायता प्रदान करना।
- विकलांग बालकों को सामान्य छात्रों के साथ ही शिक्षा देना।
- जिले में 2166 विकलांग बालक/ बालिकाओं को एलीमको कम्पनी के द्वारा उपकरण प्रदान करवाये जावेंगे।
- विकलांग उन बालक बालिकाओं के लिये प्रति वर्ष 1200/- रुपये का प्रावधान रखा गया है।

7.1.4 व्यवस्था :-

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत विकलांग बालकों को भी सामान्य बालकों के साथ शिक्षा के मुख्य धारा में जोड़ने हेतु पंचायत समितिवार मेडिकल कैम्प आयोजित किये गये, जिनमें चिकित्सकों के चार-चार विशेषज्ञ यथा - नेत्र, ई.एन.टी., मनोचिकित्सक एवं हड्डी विशेषज्ञ आदि की सेवाएं प्रत्येक मेडिकल शिविर में ली गई।

अधिक से अधिक बच्चे इन शिविरो से लाभान्वित हो इसके लिए खण्डस्तर पर प्रचार प्रसार करने के अलावा समस्त प्राथमिक विद्यालयों के पास इस आशय का आदेश भेजा गया कि चिन्हित विकलांग बच्चों को लेकर अमुक दिनांक को अमुक स्थान पर उपस्थित हो। समाचार पत्रों के माध्यम से भी काफी प्रचार प्रसार किया गया। चूंकि खण्ड स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं उपलब्ध हुये तो जिला मुख्यालय से विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था की गई। मेडिकल कैम्प की सम्पूर्ण व्यवस्था खण्ड संदर्भ प्रभारी के द्वारा की गई और इन्हें इस कार्यक्रम हेतु दस हजार रू. की राशि अग्रिम दी गई ताकि व्यवस्था में कहीं कोई कमी नहीं आये।

खण्ड सन्दर्भ केन्द्र प्रभारियों ने चार-चार काउन्टर लगवाये ताकि विकलांगता के अनुसार (अन्धता, गूंगे व बहरे, मानसिक विमंदता एवं शारीरिक विकलांगता (हड्डी)) इन चारों काउन्टरों पर अलग-अलग रजिस्ट्रेशन करवाया जा सके। एक काउन्टर अलग से चिकित्सा प्रमाण पत्र एवं दैनिक भत्ता के वितरण हेतु लगाया गया। इस कार्य में संकुल केन्द्र प्रभारियों का अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ। गर्मी चरम सीमा पर थी, अतः छाया एवं शुद्ध तथा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था आसान से की गई।

7.4.5 विकलांगता का प्रकार व असेसमेन्ट :–

सीकर जिले में बाल गणना गई , जून 2001 में सम्पन्न की गयी थी। इसके आधार पर विकलांग बच्चों की कुल संख्या 4507 चिन्हित की गयी थी । आगामी वर्षों में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान यथा–दृष्टि विकलांगता , श्रवण एवं वाणी विकलांगता , अस्थि विकार विकलांगता , मानसिक मन्दता , अधिगम मन्दता वाले छात्र–छात्राओं का परीक्षण डाक्टरों की एक टीम द्वारा कराये जाने का प्रस्ताव है । उपरोक्त विभिन्न प्रकार के विकलांग बच्चों के लिए शिक्षा योजना उनकी विशिष्ट आवश्यकता के अनुसार की जायेगी व उनके लिए उपकरण आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए 1200/– प्रति बालक बालिका की दर पर व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी । सत्र 2003–04 में 502 बच्चों को प्रति ईकाई लागत 0.012 के हिसाब से 6.024 लाख का प्रावधान है। सत्र 2007 तक कुल 5336 बच्चों पर 64.032 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे।

विकलांग बालक बालिकाओं की स्थिति

कक्षा	नामांकन		योग
	बालक	बालिका	
कक्षा 6 से 8 तक	322	180	502

7.4.6 शिक्षकों का आमुखीकरण प्रशिक्षण :–

डीपीईपी के अन्तर्गत शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु विकसित ट्रेनिंग माड्यूलों को सीकर जिले में भी शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु अपनाया जायेगा । अक्षम बच्चों की शिक्षा के लिए समुदाय , परिवार एवं अध्यापकों का संवेदीकरण आवश्यक है। और संवेदीकरण हेतु सबसे पहला बिन्दु दृष्टिकोण परिवर्तन का है । अक्षम बच्चों के लिए सहानुभूति तो सभी दिखाते है, जबकि वास्तव में इन्हें सहायता की आवश्यकता होती है । उनकी सक्षमताओं को और विकसित करने के लिए शिक्षकों को इस हेतु आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किए जाने का प्रावधान भी इस परियोजना में रखा गया है ।

7.4.7 अध्यापकों का सेवारत् प्रशिक्षण :-

अध्यापकों के सेवारत् प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी विकलांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा देने की विधा पर बल दिया जाएगा । इस हेतु प्रशिक्षण के लिए विकसित माड्यूल और सामग्रियों में निम्नलिखित पक्षों का समावेश किया जायेगा :-

- विकलांगता वाले बच्चों का कार्यात्मक आंकलन ।
- विकलांग बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को समझना ।
- इन बच्चों को समूह शिक्षण के लिए विकसित कराना ।
- कक्षा-कक्ष प्रबन्ध और मूल्यांकन ।
- विकलांग बच्चों, इनके अभिभावकों और समुदाय के सदस्यों को परामर्श देना ।
- विकलांग बच्चों की आवश्यकताओं के सम्बन्ध में अन्य बच्चों में जागरूकता उत्पन्न करना।

7.4.8 छात्र स्वास्थय परीक्षण :-

राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के तहत 6-11 आयुवर्ग के छात्र/छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण इस जिले में होता रहा है, जिसके उत्साहवर्धक परिणाम भी मिले है । बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण से बच्चों में पनपने वाली अनेक छोटी/बड़ी बीमारियों की जानकारी उनकी प्रारम्भिक अवस्था में हो जाती है । इन बिमारियों से प्रायः अभिभावक अनभिज्ञ रहते है, बाद में यही बीमारियाँ भयानक रूप ग्रहण कर लेती है । ऐसी स्थिति में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण का कार्यक्रम अति आवश्यक है । जिला के राजकीय तथा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 6-11 वर्ग के छात्र-छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक रूप से करावाया जायेगा ।

छात्र स्वास्थ्य परिक्षण के लिए प्रत्येक ब्लॉक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम मुख्य चिकित्साधिकारी की देख-रेख में गठित की जायेगी । जो प्रत्येक वर्ष में एक बार 6-14 आयुवर्ग के छात्र-छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करेगी । स्वास्थ्य परीक्षण के परिणाम विद्यालय के रजिस्टर में संधारित किए जाकर चिन्हित बच्चों को स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से निःशुल्क औषधियां एवं उपकरण उपलब्ध कराने हेतु सहयोग लिया जायेगा ।

7.5 अनुसुचित जाति /अनुसुचित जनजाति /अल्प संख्यकों /निर्धनतम परिवारों के बालक/बालिकाओं हेतु शिक्षा

7.5.1 अनुसुचित जाति /अनुसुचित जनजाति/ निर्धनतम परिवारों के निर्धनतम परिवारों के वर्ग के जिले में कुल 5074 बालक एवं 4321 बालिकाएँ शिक्षा आपके द्वार 2001 के अनुसार

विद्यालय से वंचित पाए गए है । इनके लिए वैकल्पिक शिक्षा का प्रावधान तो किया ही गया है , सर्व शिक्षा अभियान के तहत कक्षा 6 से 8 के अध्ययनरत अनुसुचित जाति व जनजाति के बच्चे जो राजकीय विद्यालयों में पढते हैं उनके लिये निःशुल्क पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराने के लिये 100 रूपये प्रति बालक प्रति वर्ष का प्रावधान रखा है। अनुसुचित जाति व जनजाति के कुल 62400 सम्पूर्ण योजनान्तर्गत 62.400 लाख का प्रावधान है।

7.6 घुमक्कड़ परिवारों के बालक/बालिकाओं हेतु शिक्षा :-

जिले में बागरिया , रेबारी , गाड़िया लुहार , सांटिए तथा नायक जाति के परिवार अपने पशुधन को चराने , रोजी-रोटी कमाने हेतु वर्ष पर्यन्त एक जिले से दूसरे जिले में घूमते रहते है । इस कारण इनके बच्चों को भी इनके साथ रहना पड़ता है । फलस्वरूप शिक्षा से इनका जुड़ाव संभव नहीं हो सकता है । इन परिवारों के बालक/बालिकाओं के लिए भी सर्व शिक्षा अभियान में पृथक से प्रावधान रखा गया है ।

ऐसे बालकों को चिन्हित कर , जहां 10-15 बच्चें एक साथ तथा कम से कम एक माह तक उपलब्ध हो सकते है , वहॉ आवासीय ब्रिज कोर्स की स्थापना की जाएगी । यहॉ इन बच्चो को निःशुल्क भोजन व आवास की व्यवस्था भी सर्व शिक्षा अभियान से की जाने का प्रावधान है । इन सभी छात्रों को एक-एक एल.जी.सी. (लर्निग ग्रेड कार्ड) प्रदान किए जाएंगे जिनसे यह स्पष्ट होगा कि अमुक छात्र ने इस स्तर की शिक्षा प्राप्त कर ली है । इनको सरकार द्वारा अन्य जिलों में भी मान्यता देने हेतु निवेदन किया जाएगा। ऐसे कोर्स हेतु रू. 100/- प्रति छात्र सर्व शिक्षा अभियान से व्यय होने के अनुमान है ।

7.7 कामकाजी बच्चों के लिए शिक्षा :-

जिले के विभिन्न शहरों में स्टेशनों, गलियों तथा पर्यटक स्थलों से कचरा बीनने वाले बालक/बालिकाओं एवं बचपन से ही परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण धनोपार्जन या मजदूरी में लगे बालक/बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने हेतु आवासीय/गैर-आवासीय ब्रिज कोर्स का प्रावधान सर्व शिक्षा अभियान में रखा गया है । ऐसे प्रत्येक ब्रिज कोर्स हेतु 50/- प्रति छात्र प्रति वर्ष व्यय किए जाने का अनुमान है तथा इनमें भी अध्ययनरत सभी छात्रो को एक-एक टी.एल.एम. किट (100/-रू.मूल्य) का दिया जाएगा । एवं इन्हें निःशुल्क भोजन एवं आवास उपलब्ध कराए जाने का सर्व शिक्षा अभियान में प्रावधान रखा गया है ।

अध्याय 8

अनुसंधान मूल्यांकन, परिवीक्षण एवं प्रबोधन

8.1 अनुसंधान एवं मूल्यांकन :-

जिले कि परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा एवं शैक्षिक कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के लिए अनुसंधान कार्यो का महत्व निर्विवाद है। अतः निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार विभिन्न विषयों जैसे पाठ्यक्रम, कक्षा शिक्षण, विद्यालय प्रबन्ध, मूल्यांकन आदि क्षेत्रो में वास्तविक स्थिति का आंकलन कर व्यावहारिक कठिनाइयों के परिप्रेक्ष्य में उनके निवारणार्थ क्रियात्मक अनुसंधान आवश्यक है। इस हेतु शिक्षकों तथा परियोजना एवं शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों को एक्शन रिसर्च सम्बन्धी प्रशिक्षण डाईट के सहयोग से प्रदान किया जायेगा। डाईट की भूमिका मुख्यतः एक्सन रिसर्च हेतु शिक्षकों की क्षमता का विकास करने तथा इन अनुसंधान परियोजनाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वयन कर उन्हें पूर्ण कराने की होगी। अनुसंधान व मूल्यांकन पर प्रति वर्ष 1400 रूपये का प्रावधान रखा गया है।

8.2 मूल्यांकन व्यवस्था :-

छात्रों के मासिक तथा वार्षिक मूल्यांकन की प्रणाली हेतु जो व्यवस्था वर्तमान में है, उचित है। किन्तु उसमें और सुधार के लिए यह आवश्यक है कि कक्षा 5 की परीक्षा सी.आर.सी. स्तर पर तथा कक्षा 8 की परीक्षा बी.आर.सी. स्तर पर ली जावे। यह व्यवस्था सर्व शिक्षा अभियान में अपनाई जाऐंगी और परीक्षा के मूल्यांकन की व्यवस्था डाईट पर की जावेगी। इन परीक्षाओं हेतु प्रश्न पत्र भी डाईट के सहयोग से बनायें जाऐंगे। इसके लिए शिक्षकों को प्रथक से प्रशिक्षण देने का प्रावधान भी सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत किया गया है। छात्रों के उपलब्धि के मूल्यांकन और उन्हें फीड बैक प्रदान करने के लिए सतत्–व्यापक मूल्यांकन प्रणाली विकसित की जाएगी।

8.3 परिवीक्षण :-

अकादमिक परिवीक्षण में डाईट, बी.आर.सी., सी.आर.सी. तथा विद्यालय स्तरीय शिक्षा समिति की समेकित भूमिका रहेगी। विद्यालय शिक्षा स्तर समिति की प्रत्येक माह में एक

बैठक आयोजित की जाऐगी, जिसमें शाला में अकादमिक सुधारों संबन्धी विषयों पर चर्चा होगी। यह समिति अपनी प्रत्येक बैठक का प्रतिवेदन सी.आर.सी. के माध्यम से बी.आर.सी. कार्यालय को प्रस्तुत करेगी। बी.आर.सी. कार्यालयों पर इन सभी विद्यालय स्तरीय समितियों से प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा की जाकर इनका समेकित प्रतिवेदन जिला कार्यालय में प्रस्तुत किया जाऐगा। जिला स्तरीय शिक्षा समिति द्वारा इस संबन्ध में त्रैमासिक एवं अर्द्ध वार्षिक प्रतिवेदन राज्य स्तर को प्रस्तुत किया जाऐगा। इस हेतु जिले के प्रारम्भिक शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों से व्यापक समन्वयन किया जाकर परिवीक्षण कार्य को प्रभावी बनाया जायेगा तथा उन्हें भी इस कार्य हेतु आवश्यक सुविधाऐं उपलब्ध करवाने का सर्व शिक्षा अभियान में पृथक से प्रावधान किया गया है । सुपरवीजन व मोनिटरिंग पर प्रति वर्ष प्रति स्कूल 1400 रूपये का प्रावधान रखा गया है।

8.4 प्रबोधन :-

सर्व शिक्षा अभियान में जन–समुदाय पर आधारित प्रबोधन तंत्र व्यवस्था है। इस अभियान में प्रबोधन दो भागों में विभाजित है ।

- शैक्षिक प्रबोधन सूचना तंत्र (ई.एम.आई.एस.)
- योजना प्रबोधन सूचना तंत्र (पी.एम.आई.एस.)

जिला एवं ब्लॉक स्तर पर उपरोक्त तीनों सूचना तंत्रों के लिए उपयुक्त सॉफ्टवेयर एवं कम्प्यूटर तथा आवश्यक स्टाफ की व्यवस्था का समुचित प्रावधान सर्वशिक्षा अभियान के नियोजन में रखा गया है।

8.4.1 शैक्षिक प्रबोधन सूचना तंत्र :-

जिले में प्रत्येक वर्ष के 30 सितम्बर तक प्रत्येक शालाओं से संबन्धित समस्त सुचनाओं को संकलित किया जायेगा। इन सभी सुचनाओं को जिला स्तर पर स्थित " डाईस सॉफ्टवेयर " (जो की " निपा " द्वारा विकसित किया गया है) में संकलित किया जाकर राज्य स्तर को प्रस्तुत किया जाऐगा। इस कार्य में नियोजित तकनिकी स्टॉफ यथा–एम.आई. एस.प्रभारी एवं उसके सहयोगी कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण राज्य स्तर से प्रदान किया जाऐगा ।

8.4.2 योजना प्रबोधन सूचना तंत्र (पी.एम.आई.एस.) :-

गुणवत्ता सर्व शिक्षा अभियान का एक मुख्य बिन्दु है। यह सूचना तंत्र कार्यक्रम की गुणवत्ता में हुए सुधार की सूचना को संकलित करने का उपयोगी सॉफ्टवेयर है । सर्व शिक्षा

अभियान में सूचना प्रबन्धन तंत्र में जिले स्तर पर दो कम्प्यूटर, एक यू.पी.एस. दो प्रिन्टर तथा ब्लॉक स्तर पर एक कम्प्यूटर, एक प्रिन्टर की व्यवस्था की गई है। एम.आई.एस. स्टॉफ (प्रबंधन सूचना तंत्र स्टाफ) सर्व शिक्षा अभियान में प्रबन्धन सूचना तंत्र को सुदृढ करने के लिए जिले स्तर पर एक प्रबन्धन सूचना तंत्र अधिकारी तथा 2 डाटा इन्ट्री ऑपरेटर तथा ब्लॉक स्तर पर एक डाटा एंट्री ऑपरेटर की व्यवस्था है ।

8.4.3 वित्तीय प्रबन्धन प्रणाली :-

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत एक साफ्टवेयर नई दिल्ली से तैयार करवाया गया है। राजस्थान प्रथम राज्य है जंहा पर एफ.एम.एस. में वित्तीय प्रबन्धन की सूचना उपलब्ध है। इससे कैशबुक, लेजर, जनरल वाउचर सभी रिपोर्ट तैयार की जाती है। इसे ही सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत काम में लिया जायेगा।

8.4.4 निधि का हस्तान्तरण (फ्लो आफ फन्डस) :-

प्रतिवर्ष फरवरी में आगामी वर्ष के लिये बजट राजस्थान प्राथमिक शिक्षा परिषद जयपुर को प्रस्तुत किया जायेगा। वह नई दिल्ली से अनुमोदन के पश्चात राज्य कार्यालय से पारित कर जिला कार्यालय को पेश किया जायेगा। जिले से प्रशिक्षण, अकादिमक, पर्यवेक्षण तथा गुणवत्ता कार्यक्रमों हेतु पैसा बीआरसीएफ को दिया जायेगा एवं निर्माण कार्य हेतु विद्यालय प्रबन्धन समितियों को सीधा रेखांकित चैक द्वारा दिया जायेगा। साथ ही प्रत्येक प्रकार के विद्यालय को एसएफजी और टीएलएम का पैसा भी दिया जायेगा। साथ ही वैकल्पिक शिक्षा व्यवस्था के लिए स्वयं सेवी संस्थाओं ग्राम पंचायतों को हस्तान्तरित की जायेगी। जिले में प्रोजेक्ट का बचत खाता खुला हुआ है उसी में धन राशि जमा रहेगी।

कार्यकारी समिति जिसका अध्यक्ष जिला कलक्टर है उनके एवं डीपीसी के संयुक्त हस्ताक्षरों से 25000/- रू. से अधिक धनराशि के चैक जारी किये जा सकेंगे।

राजस्थान प्राथमिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी लेखा एवं वित्तीय नियमों की संदर्शिका जारी हो चुकी है। उसी के अनुसार कार्य किया जायेगा। परचेज एवं प्रोक्योरमेंट के नियम भी इसी संदर्शिका में दर्शाये गये है। इस परियोजना में भी वही नियम लागू होंगे। जिले में प्रत्येक विद्यालय की एस.एम.सी. बनी हुई है जिसका बैंक में खाता खुला हुआ है। राज्य से त्रैमासिक आधार पर फण्ड रिलीज होंगे। फण्ड फ्लो चार्ट –

राज्य परियोजना कार्यालय

↓

जिला परियोजना कार्यालय

↓

1. बी.आर.सी.
2. सी.आर.सी.
3. विद्यालय प्रबन्धन समिति
4. अध्यापक
5. स्वयं सेवी संस्थाएं

8.4.5 सम्प्रेषण व्यवस्था (ऑडिट) :-

सर्वशिक्षा अभियान में डीपीईपी योजना की भांति त्रैमासिक सी.ए. की आडिट होगी। चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट का चयन राज्य कार्यालय द्वारा होगा वही टर्म्स ऑफ रिफरैन्स फार आडिट का निर्धारण करेगी। राजस्थान राज्य सरकार/ भारत सरकार के नियमों के अनुसार सर्वशिक्षा अभियान के समस्त जिलों के लेखे जोखों का सम्प्रेषण (ऑडिट) महालेखाकार द्वारा भी किया जायेगा। राजस्थान प्राथमिक शिक्षा परिषद द्वारा भी आन्तरिक ऑडिट की व्यवस्था रहेगी।

8.5 शैक्षिक नवाचार :-

सर्व शिक्षा अभियान प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वजनीकरण की समयबद्ध योजना है जो शिक्षा के गुणात्मक सुधार की सुनिश्चितता करता है। अभियान के विभिन्न कार्य क्षेत्र में नवाचार करने का प्रावधान है जिसके माध्यम से सकरात्मक सोच एवं गुणात्मक सुधार किये जा सके इसके लिये प्रति वर्ष 50.00 लाख रुपये का प्रावधान है परियोजना अवधि में कुल राशि 200.00 लाख रखी गई है।

जिला परियोजना कार्यालय का प्रबंधकीय ढांचा :-

जिला परियोजना कार्यालय (डीपीओ)



प्रबन्धन एवं संस्थाओं का क्षमता

9.1 भूमिका :-

प्रबंधन शब्द का संबंध केवल औद्योगिक क्षेत्र से ही नहीं वरन् शिक्षा के क्षेत्र में भी इसको प्रचूर उपयोग में लाया जा रहा है। प्रबंधन लक्ष्यों को अर्जित करने का प्रभावी माध्यम है। प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में बालक को पूर्णतः शिक्षार्थी के रूप में ही प्रतिस्थापित नहीं करता वरन् बालक में सद्वृतियों का विकास कर अच्छे नागरिक का निर्माण करता है । वास्तव में समुदाय भी अच्छे प्रबंधन की आवश्यकता महसूस करता है , ताकि विद्यालय की संपूर्ण गतिविधियां बालक के सर्वतोन्मुखी विकास में सहायक बन सके । प्रबंधन में तीन तथ्य महत्वपूर्ण है :-

- उद्देश्यों का स्पष्ट निर्धारण ।
- पर्याप्त संसाधन (शिक्षक,शिक्षण विधाएं ,भौतिक संसाधन ,खेल मैदान , प्रयोगशाला , पुस्तकालय) तथा उनका उपयोग ।
- सभी गतिविधियों एवं उपलब्धियों का मूल्यांकन। प्रबंधन न केवल उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु संसाधन उपलब्ध करता है अपितु लक्ष्यों के अर्जन हेतु कार्मिकों के कार्यो का परिवीक्षण कर यथा स्थान निर्देशन व सुझाव देकर व्याप्त कमजोरियों को दूर करने का कार्य भी करता है । सर्व शिक्षा अभियान में भी विभिन्न स्तरों पर परिवीक्षण की समुचित व्यूह रचना की गई है ।

9.2 जिला स्तरीय कार्यालय पर प्रबन्धन :-

सर्व शिक्षा अभियान के सफल कियान्दयन हेतु जिला स्तरीय कार्यालय में सारणी सं. 9.1 में दर्शायें अधिकारी / कर्मचारी उनके सन्मुख अंकित संख्या तथा वेतनमान में नियोजित किए जाएंगे । ये अधिकारी या तो राजकीय विभागों से प्रतिनियुक्ति पर लिए जाऐगें अथवा संविदा पर लगाए जाऐंगे । इस कार्यालय को और अधिक अधिकार युक्त बनाया जायेगा जिसमें 2

यन्त्र और उपकरण व 5 कम्प्यूटर मय आपरेटर, फर्नीचर व 50 हजार रुपये की आकस्मिक राशि का प्रावधान रखा गया है।

तालिका-5 जिला स्तरीय प्रबंधन

क्र.सं.	पदनाम	संख्या	वेतनमान	प्रतिनियुक्ति / संविदा
1	जिला परियोजना समन्वयक	1	9000–14400	प्रतिनियुक्ति
2	सहायक परियोजना समन्वयक	4	8000–13500	प्रतिनियुक्ति
3	सहायक अभियन्ता	1	8000–13500	प्रतिनियुक्ति
4	सहायक लेखाधिकारी	1	6500–10500	प्रतिनियुक्ति
5	कार्यक्रम सहायक	3	6500–10500	प्रतिनियुक्ति
6	लेखाकार	1	5500–9000	प्रतिनियुक्ति
7	केशियर कम स्टोर कीपर	1	4000–6000	प्रतिनियुक्ति
8	एल.डी.सी.	1	4000–6000	प्रतिनियुक्ति
9	कनिष्ठ अभियन्ता	1	5500–9000	प्रतिनियुक्ति
10	एम.आइ.एस.प्रभारी	1	7000/प्रति माह	संविदा
11	प्रोग्रामर कम ऑपरेटर	4	5000/–प्रति माह	संविदा
12	सहायक कर्मचारी	3	2500/–प्रति माह	संविदा
13	चौकीदार	1	2500/:प्रति माह	संविदा

9.3 खण्ड संदर्भ केन्द्र :-

जिले के प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर इस परियोजना के अन्तर्गत खंड संदर्भ केन्द्र स्थापित किए जायेंगे। इस केन्द्र का प्रभारी खण्ड संदर्भ केन्द्र सहयोगी होगा जो कि राज्य शिक्षा सेवा से प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया जाएगा। खण्ड स्तरीय कार्यालय में निम्नानुसार विभिन्न वर्गों के अधिकारी लगाए जाने का प्रावधान है :-

तालिका-52 ब्लॉक स्तरीय प्रबंधन

क्र.सं	नाम मद	संख्या	वेतनमान	प्रतिनियुक्ति / संविदा
1	खंड संदर्भ केन्द्र सहयोगी	1	8000–13500	प्रतिनियुक्ति से
2	संदर्भ व्यक्ति	3	6500–10500	प्रतिनियुक्ति से
3	लेखाकार	1	5500–9000	प्रतिनियुक्ति से
4	एल.डी.सी.	1	4000–6000	प्रतिनियुक्ति से
5	कनिष्ठ अभियंता	1	5500–9000	प्रतिनियुक्ति से
6	डाटा एन्टरी ऑपरेटर	1	4000	संविदा पर
7	सहायक कर्मचारी	1	2500	संविदा पर

खंड संदर्भ केन्द्र सहयोगी इस परियोजना के ब्लॉक स्तर पर क्रियान्वयन का उत्तरदायी होगा । ब्लॉक में कार्यरत समस्त संकुल संदर्भ सहयोगियों पर पूर्ण नियंत्रण एवं परिवीक्षण रखेगा । इस हेतु वह सभी संकुल संदर्भ सहयोगियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित करेगा तथा उनसे प्राप्त प्रगति को संकलित कर जिला कार्यालय को अवगत कराएगा । तथा ब्लॉक स्तर एवं संकुल स्तर पर सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत संपादित की जाने वाली समस्त गतिविधियों पर नियंत्रण , परिवीक्षण एवं उनकी पर्याप्त मॉनिटरिंग रखेगा । ब्लॉक संदर्भ सहयोगी ब्लॉक स्तरीय जनप्रतिनिधियों एवं अन्य विभागों के अधिकारियों से तथा ब्लॉक शिक्षा (प्रारम्भिक) अधिकारी से पूर्ण समन्वय रखेगा । ब्लॉक संदर्भ सहयोगी ब्लॉक स्तरीय शिक्षा समिति का सदस्य सचिव होने के नाते इस समिति के सभी क्रियाकलाप उसके द्वारा ही निर्धारित किए जाएंगे । तथा समय–समय पर जिला स्तर से आयोजित बैठकों में ब्लॉक स्तर का प्रतिनिधित्व करेगा ।

सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के विभिन्न प्रकार के अभिनवन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा तथा उनकी सफल क्रियान्विति सुनिश्चित करेगा ।

९.४ संकुल संदर्भ केन्द्र :-

डीपीईपी. योजना में कार्यरत सीआरसीएफ ही संकुल स्तरीय कार्यक्रमों का मूल्यांकन एवं प्रबोधन का कार्य करेंगे और अपनी रिपोर्ट सीआरसीएफ के साथ बीईईओ. को देंगे। जिले में 115 सीआरसीएफ कार्यरत हैं।

सीआरसीएफ को अतिरिक्त फर्नीचर, कन्टीनजेन्सी, यात्रा भत्ता और टीएलएम. ग्रान्ट का प्रावधान रखा है।

सर्व शिक्षा अभियान की क्रियान्विति में संकुल संदर्भ केन्द्रों की महती भूमिका है। जो एकेडेमिक सपोर्ट का कार्य करेंगे। प्रत्येक ब्लॉक की 2 पंचायतों को मिलाकर एक संकुल की परिकल्पना की गई है । जिसका मुख्यावास 8 किलोमीटर की परिधि में पंचायत मुख्यालय स्थित राजकीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय को बनाया गया है । संकुल केन्द्र पर एक कार्यालय तथा एक प्रशिक्षण हॉल का निर्माण कराया गया है । संकुल संदर्भ केन्द्र सहयोगी इस कार्यालय में सप्ताह में 2 दिन आवश्यक रूप से उपस्थिति होगा । संकुल के अधीन आनेवाले सभी प्राथमिक /उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीव गाँधी पाठशालाओं एवं शिक्षाकर्मी पाठशालाओं से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण संकुल संदर्भ केन्द्र पर रहेगा । संकुल केन्द्र में प्रत्येक माह में 2 दिवसीय अध्यापक बैठक आयोजित की जाऐगी । उस बैठक में शालाओं से संबधित सभी बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की जाकर भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाऐगी । इन्ही सभागारों में वर्ष में एक बार महिला समूह की बैठक भी आयोजित की जायेगी , जिसमें महिला जागरूकता तथा बालिका शिक्षा के विकास पर जोर दिया जावेगा । अनामांकित बालिकाओं को शाला से जोड़ने के लिए पूर्ण रूप से तैयार करना तथा प्रभावी पर्यवेक्षण कर उनका ठहराव सुनिश्चित करना ही संकुल संदर्भ केन्द्र की स्थापना के प्रमुख लक्ष्य है । डीपीईपी. कार्यक्रम लागू होने के पश्चात जिले में कुल 115 संकुल संदर्भ केन्द्रों की संख्या है।

९.४.१ संकुल संदर्भ केन्द्र प्रभारी के कार्य :-

संकुल संदर्भ केन्द्र सहयोगी के कार्य निम्न प्रकार होंगे :-

- सभी विद्यालयों (संकुल परिक्षेत्र में आने वाले) का प्रभावी सम्बलन करेगा तथा रिपोर्ट ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी तथा ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी को प्रति माह प्रेषित करेगा ।
- संकुल के अधीन आने वाले विद्यालयों के अध्यापकों की मासिक बैठक आयोजित करना ।
- जन सहभागिता विकसित करने हेतु सामुदायिक गतिशीलता के कार्यक्रमों का आयोजन करना ।

- महिला बैठकों का आयोजन करना ।
- सभी विद्यालयों की विद्यालय प्रबंधन कमेटी का नियमानुसार गठन करवाना तथा उनके सदस्यों का प्रशिक्षण करवाना एवं उनकी समय–समय पर बैठकें आयोजित करवाना ।
- ब्लॉक स्तर पर आयोजित शिक्षक प्रशिक्षणों में शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करना तथा उन्हें इसके लिए मानसिक रूप से तैयार करना ।
- शिक्षकों को सहायक शिक्षण सामग्री की राशी का समुचित उपयोग करने हेतु प्रशिक्षण देना तथा उसका पूर्ण परिवीक्षण करना ।
- संकुल के अधीन आने वाले सभी विद्यालयों में नामांकन , ठहराव तथा गुणवत्ता पूर्ण आनन्ददायी शिक्षण विधियों की कियान्विति सुनिश्चित करना तथा इसके लिए शिक्षकों को मानसिक रूप से तैयार करना ।
- संकुल स्तर पर चल रहें सभी निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग रखना ।

9.5 जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) से बेहतर समन्वयन :-

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रा.शि.) जिला स्तर पर प्रारंभिक शिक्षा की व्यवस्था एवं उन्नयन हेतु कार्यरत हैं । जिसके अधीन अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, अवर जिला शिक्षाधिकारी तथा संस्थापन व लेखा संबंधी कार्मिक कार्यरत है। ब्लॉक स्तर पर विकास अधिकारी के अधीन अतिरिक्त विकास अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा) तथा अवर विद्यालय निरीक्षक कार्यरत है जिन पर ब्लॉक की प्रारंभिक शिक्षा की व्यवस्था एवं परिवीक्षण का दायित्व हैं । जिला एवं ब्लॉक कार्यालयों से समन्वयन का दायित्व जिला परियोजना समन्वयक का हैं । इस प्रकार विभागीय अधिकारियों से बेहतर समन्वय स्थापित किया जाकर एवं परिवीक्षण हेतु उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाये जाऐंगे । इससे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षणों का शालाओं में बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा ।

9.5.1 जिला प्रा.शि.कार्यालय का सुदृढीकरण :-

जिला प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी सर्व शिक्षा अभियान के क्रियान्वयन एवं संचालन हेतु प्रभारी अधिकारी की भूमिका निर्वाह करेंगे अभियान को गति देने के लिये उन्हें संसाधन देने का प्रावधान रखा है जिसमें एक टेलीफोन, एक गाड़ी, उपकरण हेतु 1.00 लाख रूपये तथा कम्प्यूटर मय आपरेटर के लिये ९४ हजार एवं रैकरिंग बजट 20 हजार रूपये प्रति वर्ष देने का प्रावधान है तथा अपेक्षा की गई है कि अभियान के क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग में विभिन्न स्तरों पर सहयोग तथा वांछित सूचना समय पर उपलब्ध करवाना। जिला स्तर पर

